वर्ष: 10 - अंक : 13, मुंबई, शुक्रवार, 6 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

## निर्भया के दुष्कर्मियों का चौथा डेथ वॉरंट

# चारों दोषियों की मौत की नई तारीख

## 20 मार्च, वक्त : सुबह 5 :30 बजे, जगह : तिहाड़ जेल

इससे पहले तीन बार 22 जनवरी, 1 फरवरी और 3 मार्च के लिए डेथ वॉरंट जारी किया गया था, लेकिन फांसी नहीं हो पाई

**नई दिल्ली।** निर्भया के चारों दोषियों की फांसी की नई तारीख तय हो गई है। दिल्ली कोर्ट ने चारों को 20 मार्च की सुबह 5:30 बजे फांसी देने के आदेश दिए हैं। इससे पहले कानूनी पैंतरे चलकर दो महीने से फांसी से बच रहे निर्भया केस के चारों दोषियों के सभी कानूनी विकल्प अब खत्म हो चुके हैं। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




### बेंच ने कहा था कि सजा पर पुनर्विचार का सवाल नहीं उठता

दोषी पवन की क्यूरेटिव पिटीशन को खारिज करते हुए जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच ने कहा था कि सजा पर पुनर्विचार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले राष्ट्रपति निर्भया मामले में तीन अन्य दोषियों अक्षय, विनय और मुकेश की दया याचिका पहले ही खारिज कर चुके हैं।

**दोषी पवन की दया याचिका राष्ट्रपति ने बुधवार को खारिज कर दी, तीन दोषियों मुकेश, विनय और अक्षय के पास अब कोई विकल्प नहीं**

अदालत के फैसले के बाद निर्भया की मां ने कहा- मुझे उम्मीद है कि यह आखिरी तारीख होगी और दोषियों को 20 मार्च को फांसी दे दी जाएगी। जब तक फांसी नहीं होगी, हम लड़ते रहेंगे।

## कोरोना वायरस पर उद्धव ठाकरे की अपील...

# 'अगले आठ दिन अहम, कम मनाएं होली'




लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने और सीमित रूप से होली मनाने की अपील करते हुए सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि होली की आग में कोरोना वायरस जल जाएं।

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि राज्य के लोगों को कोरोना वायरस की स्थिति से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि लोग सतर्क रहें क्योंकि अगले आठ दिन बहुत महत्वपूर्ण हैं। उद्धव ठाकरे ने विधानसभा में दिए एक बयान में यह भी बताया कि राज्य सरकार कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। जनवरी महीने से ही मुंबई हवाई अड्डे पर जांच के बाद अलग रखे गए 167 यात्रियों मे से फिलहाल नौ लोग ही आइसोलेशन वॉर्ड में हैं। राज्य में वायरस संक्रमण के किसी भी मामले की पुष्टि नहीं हुई है। लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने और सीमित रूप से होली मनाने की अपील करते हुए सीएम ने कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि होली की आग में कोरोना वायरस जल जाएं। उद्धव ठाकरे ने कहा, मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि अगले आठ दिन महत्वपूर्ण हैं और हमें सतर्क रहना होगा। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

शुध्द घी में बना
केसरीया मलाई घेवर
MM MITHAIWALA
MALAD (W),TEL.: 288 99 501

# अब मुंबई पुलिस के शरीर पर लगेंगे कैमरे

इन कैमरों से सिर्फ दिन में ही नहीं, रात में भी विडियो रिकॉर्डिंग हो सकेगी



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में इस वक्त करीब 5000 सीसीटीवी लगे हैं। इस साल दो से ढाई हजार सीसीटीवी और लग जाएंगे। खास बात यह है कि मुंबई के 500 पुलिस वालों के शरीर पर भी कैमरे लगेंगे, जिनका नाम है बॉडी वॉन कैमरा (Body worn cameras)। इसके अलावा पुलिस की गाड़ियों के सामने वाले कांच और गाड़ी के ऊपर भी कैमरे लग रहे हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### मुंबई में गोदाम में आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव स्थित एक औद्योगिक क्षेत्र के गोदाम में बृहस्पतिवार की तड़के आग लग गई। एक नगर निकाय अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर रोड के पास औद्योगिक क्षेत्र में स्थित गोदाम में तड़के आग लग गई। अधिकारी ने कहा, दमकल की आठ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और करीब पांच घंटे बाद आग पर काबू कर लिया गया। आग में कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आग के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

### एक साल से सोना समझकर लूट रहा था गहने, गिरफ्तारी हुई तो पाया सब नकली

**मुंबई।** जीआरपी ने मुंबई के ठाकुरली निवासी एक शख्स को गिरफ्तार किया है जो रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों को शिकार बनाकर सोने की चेन, मंगलसूत्र और दूसरे गहने लूटता था। आरोपी शख्स लूटे हुए गहने पिछले एक साल से घर में रख रहा था, ताकि इसे बेचकर अच्छे पैसे कमाए जा सके। 27 फरवरी को उसकी गिरफ्तारी हुई तो पुलिस ने उसके पास से लूटा हुआ सामान बरामद किया। इस दौरान सामने आया कि उस शख्स द्वारा चोरी की गई जूलरी नकली थी।

पुलिस ने बताया कि पिछले एक साल से बाजीराव काटकर (42) नाम का शख्स रेलवे स्टेशन के आस-पास घूमकर महिला यात्रियों को टारगेट करता था। बाजीराव खासकर सेंट्रल लाइन पर चलने वाली लोकल ट्रेनों में अपना शिकार ढूंढता था। पुलिस ने बताया कि महिला यात्रियों के प्लैटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार करने या फुटओवर ब्रिज पर दौड़ने के दौरान चेन लूटता था।

डोंबिवली पुलिस स्टेशन के जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि बाजीराव के इस काम में दिलीप कार्लेकर (52) नाम का एक शख्स भी साथ था जो गिरगौम में एक चौल में रहता था। चुराया हुआ सामान कार्लेकर के घर में रखा जाता था।

डोंबिवली जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सतीश पवार ने बताया, 'हमें 4 ब्रेसलेट, 17 मंगलसूत्र और दो नेकलेस मिले। यह सभी नकली जूलरी है। दोनों को रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पकड़ा गया।' बाजीराव लैपटॉप लिए पुरुष यात्रियों को भी अपना निशाना बनाता था। जीआरपी को दोनों के पास से 1.50 लाख की कीमत से अधिक के लैपटॉप भी मिले।

### गोखले ब्रिज के काम को मंजूरी

**मुंबई।** अंधेरी के गोपाल कृष्ण गोखले ब्रिज के पुनर्निर्माण कार्य को स्थायी समिति की बैठक में मंजूरी मिल गई। बुधवार को हुई बैठक में स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने कहा कि यह ब्रिज पश्चिमी उपनगर से वेस्टर्न एक्सप्रेसवे को जोड़ने का सबसे महत्वपूर्ण लिंक है। इस ब्रिज के पुनर्निर्माण के लिए बीएमसी ने 138 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। 3 जुलाई 2018 सुबह के समय इस ओवरब्रिज का स्लैब गिर गया था, जिसमें 6 लोग घायल हो गए थे।

दक्षिण मुंबई स्थित हिमालय पुल दुर्घटना के बाद बीएमसी ने मुंबई में सभी ब्रिज का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का फैसला किया था। लेकिन, सालभर बाद भी पुलों की ऑडिट रिपोर्ट स्थायी समिति के सामने नहीं आई है। यशवंत जाधव ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बीएमसी प्रशासन क्या छुपाना चाहता है, यह हमें नहीं पता? हमारी ओर से ब्रिज की डिजाइनिंग संबंधित सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, अब बीएमसी को तय करना कि वे कब ब्लॉक लेकर काम करेंगे।

**– शिवाजी सुतार, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, मध्य रेलवे**

# मुस्लिम आरक्षण विवाद में बीजेपी को वापसी की आस

**मुंबई।** मुस्लिम आरक्षण को लेकर ठाकरे सरकार में तनातनी शुरू हो गई है। मंगलवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने यह कहते हुए कांग्रेस और एनसीपी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया कि मुस्लिम आरक्षण पर कोई विचार ही नहीं हुआ है। इस विवाद में बीजेपी को सत्ता में वापसी की नई रोशनी दिखाई देने लगी है। बीजेपी नेता सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि मुस्लिम आरक्षण को लेकर यदि कांग्रेस-एनसीपी ने शिवसेना का साथ छोड़ा, तो बीजेपी उद्धव ठाकरे का साथ देगी।

सरकार में शामिल शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस मुस्लिम आरक्षण के पक्ष में हैं। गत दिनों विधानपरिषद में राज्य के अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री नवाब मलिक ने शिक्षा के क्षेत्र में 5 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की। उसे इसी शैक्षणिक वर्ष से लागू करने का वादा भी किया। मलिक की घोषणा से ही शिवसेना की परेशानी बढ़ गई।

हालांकि, उसी वक्त शिवसेना के नंबर दो मंत्री एकनाथ शिंदे ने नवाब मलिक के बयान पर कहा कि था कि महाविकास आघाडी की बैठक में ऐसा कोई



निर्णय नहीं लिया गया है। रही-सही कसर मंगलवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पूरी कर दी। मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि मुस्लिम आरक्षण को लेकर अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। अगर ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के सामने आता भी है, तो सरकार पहले सभी कानूनी पहलू की जांच-परख करेगी। फिलहाल हमने इस पर अभी कोई निर्णय नहीं किया है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद कांग्रेसी नेता और लोक निर्माण मंत्री अशोक चव्हाण सामने आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-एनसीपी के घोषणापत्र में मुस्लिम आरक्षण शामिल है और हम मुस्लिम आरक्षण देकर रहेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख बाला साहब थोरात ने कहा कि मुलसमानों को आरक्षण देना उनकी पार्टी की प्रतिबद्धता है और राज्य सरकार के गठबंधन घटक दलों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने के बाद निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ठाकरे के बयान पर राजस्व मंत्री थोरात ने कहा कि ठाकरे ने जो कुछ कहा है, वह सच है, क्योंकि इस मुद्दे पर अब तक कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा, 'हम (कांग्रेस एनसीपी) ने अतीत में मुसलमानों को आरक्षण दिया था। यह पिछले पांच साल में आग नहीं बढ़ा लेकिन यह हमारी प्रतिबद्धता है। यह कांग्रेस एनसीपी के घोषणापत्र का हिस्सा है। इसलिए हम इसे देना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि ह्यलेकिन यह सच है कि इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि (शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस की) महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार की समन्वय समिति और मंत्रिमंडल में इस मुद्दे पर चर्चा होगी, उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

## नारकोटिक्स सेल की सख्ती से नहीं मिल नशे का सामान, नशेड़ी ढूंढ़ने ले कफ सिरप

**मुंबई।** मादक पदार्थों के खिलाफ ऐंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की कार्रवाई एवं ड्रग्स तस्करों की गिरफ्तारी होने से नशेड़ियों को नशे का सामान मिलने में काफी परेशानी होने लगी है। आसानी से मिलने वाला गांजा और एमडी भी कड़ी मशक्कत कर नहीं जुटा पाते हैं। ऐसे में नशेड़ियों के लिए सर्दी-खांसी से राहत वाला कफ सिरप ही कम पैसों में आसान नशीला पदार्थ है।

नशेड़ियों में कफ सिरप की डिमांड पिछले कुछ सालों से काफी बढ़ गई है, जिसका फायदा ड्रग सप्लायर काफी उठा रहे हैं। मुंबई पुलिस के अनुसार, नशेड़ी कफ सिरप का अत्यधिक इस्तेमाल करते हैं, जिससे अब इस दवाई की संगठित तरीके से तस्करी की जाने लगी है। इसकी पुष्टि हाल में ऐंटि नारकोटिक्स सेल की तरफ से की गई दर्जनों कार्रवाई से हुई है। एएनसी के डीसीपी शिवदीप लांडे की अगुवाई में 29 फरवरी को घाटकोपर यूनिट ने साकिर मुहम्मद हुसैन रेतीवाला को 400 बोतल कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही, कुर्ला से कफ सिरप की 6,640 बोतलें जब्त कीं।

कफ सिरप की इन बोतलों की अनुमानित कीमत 13 लाख 28 हजार रुपये है। कफ सिरप की बोतलों को जब्त



करने अलावा एएनसी ने मानखुर्द के लल्लू भाई कंपाउंड से 17 किलो गांजे के साथ रबीउल हसन याकूब शेख (22) को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, पिछले 6 महीने में डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचे जाने वाले अल्फाजोलम की गोली के 1,286 पत्ते जब्त किए, जिसकी बाजार मूल्य करीब 2.53 लाख रुपये है। 47 हजार रुपये की नेट्रावेट दवा के 94 पत्ते भी जब्त किए गए। यह दवाइयां जहां बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के खरीदना गैरकानूनी है, वहीं इसके खिलाफ पुलिस एनडीपीएस ऐक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करती है। इसके बावजूद नशेड़ी धड़ल्ले से इन प्रतिबंधित दवाइयों को खाते हैं। इस वजह से इनकी तस्करी बढ़ गई है।

## हैंकॉक ब्रिज : रेलवे पर भड़की बीएमसी

**मुंबई।** ब्रिटिश कालीन हैंकॉक ब्रिज को टूटे चार साल हो गए हैं, लेकिन उसके पुनर्निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। बीएमसी ने इसके लिए रेलवे को जिम्मेदार ठहराया है। स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने कहा कि रेलवे की वजह से ब्रिज का निर्माण शुरू होने में देरी हो रही है। इससे निर्माण की लागत भी बढ़ गई है। ब्रिज निर्माण न होने की वजह से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए रेलवे पर फौजदारी का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस ब्रिज के निर्माण की लागत अब तक 28 करोड़ रुपये बढ़ चुकी है। रेलवे के काम के लिए बीएमसी ने 18 करोड़ रुपये पहले ही भुगतान कर दिए हैं। इसके बावजूद रेलवे ने अभी तक अपना काम शुरू नहीं किया है। जब तक रेलवे अपने हिस्से का काम पूरा नहीं करती है, तब तक बीएमसी का काम आगे ही नहीं बढ़ सकता।

## सालभर में महाराष्ट्र में सामने आए कैंसर के 11,306 मरीज

**मुंबई।** कैंसर से निपटने के लिए महाराष्ट्र की सरकार ने व्यापक तैयारी की है। बीते साल राज्य में कैंसर के कुल 11,306 मामले सामने आए, जिसमें 5,727 मरीजों की मौत हो गई। जबकि देशभर में 11.57 लाख कैंसर के मरीज हैं।

पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए राज्य सरकार ने 11 जिला अस्पतालों में केमोथेरेपी की सुविधा मुहैया कराई है। कैंसर से संबंधित प्रश्न विधानपरिषद में भाजपा के निरंजन डावखरे, विरोधी पक्ष नेता प्रवीण दरेकर, रामनिवास सिंह, कांग्रेस के भाई जगताप सहित 21 सदस्यों ने पूछा था। तेजी से बढ़ते कैंसर को




लेकर सदस्यों ने गंभीर चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि कैंसर के मामलों में से नौ प्रतिशत मामले सिर्फ महाराष्ट्र में दर्ज किए गए हैं।

सदस्यों के सवालों के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि राज्य के 36 जिलों में से 11 जिलों में कैंसर रोगियों को उपचार करने के लिए केमोथेरेपी सुविधा मुहैया कराई गई है। बाकी के जिलों में भी सरकार जल्द ही केमोथेरेपी की सुविधा मुहैया कराएंगी। 11 जिला अस्पतालों के कर्मचारियों और डॉक्टरों को मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल में केमोथेरेपी उपचार के लिए एक महीने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दरेकर और अन्य ने एक रिपोर्ट के हवाले से कहा कि राज्य में 3000 रोगियों के लिए सिर्फ एक ही विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कोरोना वायरस से चिंताजनक है बीजेपी का व्यवहार, कांग्रेस ढूंढ रही ऐंटीबायोटिकः अशोक चव्हाण

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री अशोक चव्हाण ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने बुधवार को कहा कि बीजेपी का व्यवहारप कोरोना वायरस से भी खतरनाक है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस इसके लिए ऐंटीबायोटिक ढूंढने का प्रयास कर रही है।

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण ने कहा कि विधायकों की खरीद-फरोख्त के बीजेपी के प्रयासों के बावजूद मध्य प्रदेश सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि कमलनाथ बेहद सक्षम मुख्यमंत्री हैं। अशोक चव्हाण के इस बयान पर बीजेपी नेता सुधीर मुनगंटीवार ने जवाबी हमला करते हुए कहा कि इस तरह की ओछी टिप्पणियां करना चव्हाण जैसे नेता को शोभा नहीं देता। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी खरीद-फरोख्त में शामिल नहीं है।

इससे पहले मंगलवार को मध्य प्रदेश में हुए राजनीतिक ड्रामे में कांग्रेस ने दावा किया कि बीजेपी राज्य सरकार को



गिराने की साजिश के तहत आठ विधायकों को हरियाणा के एक होटल में ले गई। अशोक चव्हाण ने इसी संदर्भ में कहा, 'बीजेपी का व्यवहार कोरोना वायरस से अधिक चिंताजनक है। इसलिए सावधानी बरती जानी चाहिए। हम इसके लिए ऐंटीबायोटिक ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं।'

## कोरोना इफेक्ट : मुंबई में 400 वॉचलिस्ट में

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कोरोना वायरस के कारण 400 लोग वॉच लिस्ट में हैं। बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर सुरेश काकानी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर चीन, हांगकांग, थाईलैंड, जापान, कोरिया, विएतनाम, नेपाल, इंडोनेशिया, मलेशिया, ईरान और इटली से आए भारतीयों की लिस्ट मंगाई गई है। जो बाद में ट्रेन या अन्य साधनों से मुंबई आए हैं। काकानी ने बताया कि मुंबई में ऐसे 400 लोगों पर हम नजर रख रहे हैं। उनके घर



स्वास्थ्यकर्मी भेजे गए थे। उन्होंने बताया कि इन सभी का एयरपोर्ट पर ब्लस्ट टेस्ट किया गया था। इसलिए बीएमसी इन पर नजर रख रही है। सभी लोगों को कहा गया है कि यदि कोई परेशानी हो तो वे सीधा कस्तूरबा हॉस्पिटल आकर जांच कराएं। काकानी ने बताया कि देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के चपेट में कई लोग आए हैं। खासकर दिल्ली में इसके कई मामले सामने आए हैं। दिल्ली से बड़े पैमाने पर लोग ट्रेन के जरिए मुंबई आते हैं। स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर भी इस बीमारी के जांच की व्यवस्था होनी चाहिए। जबकि सुरेश काकानी ने कहा कि अभी ऐसी स्थिति नहीं पैदा हुई है कि रेलवे स्टेशनों पर जांच शुरू की जाए।

## अब मुंबई पुलिस के शरीर पर लगेंगे कैमरे



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में इस वक्त करीब 5000 सीसीटीवी लगे हैं। इस साल दो से ढाई हजार सीसीटीवी और लग जाएंगे। खास बात यह है कि मुंबई के 500 पुलिस वालों के शरीर पर भी कैमरे लगेंगे, जिनका नाम है बॉडी वॉन कैमरा। इसके अलावा पुलिस की गाड़ियों के सामने वाले कांच और गाड़ी के ऊपर भी कैमरे लग रहे हैं। इसके बाद किसी भी वारदात के बाद अपराधी गिरफ्तारी से भी और कोर्ट में सजा से भी बच नहीं पाएगा, क्योंकि इन्हीं कैमरों से लिए गए फुटेज मुकदमे के दौरान उसके खिलाफ सबसे बड़ा सबूत होंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, किसी बड़े आंदोलन के दौरान या जब भी पुलिस वाले गश्त पर होंगे, तो उनके शरीर पर लगे होंगे। इन कैमरों से सिर्फ दिन में ही नहीं, रात में भी विडियो रिकॉर्डिंग हो सकेगी। इन कैमरों में वाय-फाय, जीपीएस, ब्लूटूथ जैसी सारी सुविधाएं होंगी और यह सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से कनेक्ट रहेंगे। बॉडी वॉर्न कैमरों से पुलिस को सिर्फ केस डिटेक्शन में नहीं, तब भी बहुत मदद मिलेगी, यदि कोई भीड़ पुलिस पर अटैक करेगी या कोई ट्रैफिक का उल्लंघन करेगा। इसके अलावा पुलिस की 100 से ज्यादा गाड़ियों में सामने कांच के पास डैश कैमरे भी लगेंगे। इन कैमरों से भाग रहे आरोपी की पूरी रिकॉर्डिंग की जा सकेगी और यदि कोई पुलिस की गाड़ी पर हमला करता है, तब भी वह कैमरे में कैद हो जाएगा। इसके अलावा पुलिस ऐसे 100 कैमरे भी खरीद रही है, जो पुलिस की गाड़ियों की छत पर लगेंगे। यह कैमरे भी कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट रहेंगे। तनाव की स्थिति में कंट्रोल रूम इन कैमरों की वजह से फील्ड पर हालात को बेहतर तरीके से देख सकेगा और उसके बाद पुलिस के आला अधिकारी संबंधित जगह पर कितनी अतिरिक्त पुलिस फोर्स भेजें, वह फैसला करने की सही स्थिति में होंगे।

## 26/11 के हीरो को मुंबई सीपी ने निलंबित किया, सरकार ने 14 पुलिस वालों को प्रमोशन दिया

**मुंबई।** अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने वाले 14 पुलिस वालों को महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को आउट ऑफ वे जाकर एक प्रमोशन देने का फैसला किया है। इन 14 पुलिस वालों में एक नाम संजय गोविलकर का भी है, जिन्हें तत्कालीन पुलिस कमिश्नर संजय बर्वे ने गत सितंबर में एक आरोपी को गिरफ्तार न करने के आरोप में निलंबित कर दिया था। बाद में आरोप गलत पाए जाने पर बर्वे ने अपने रिटायरमेंट के दो दिन पहले 27 फरवरी को गोविलकर का निलंबन वापस ले लिया। इंस्पेक्टर गोविलकर सरकार के आदेश के बाद अब एसीपी बन गए हैं।

गोविलकर पर आरोप था कि कि उन्होंने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दाऊद के एक कथित पूर्व सहयोगी को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया था। यह आरोपी दुबई से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा था। पर मुंबई पुलिस सूत्रों का कहना है कि उस केस की जांच गोविलकर नहीं, उनके एक जूनियर अधिकारी कर रहे थे। वह उसे सिर्फ सुपरवाइज कर रहे थे। जिस वक्त आरोपी को छोड़ा गया था, उस वक्त गोविलकर बॉम्बे हाईकोर्ट गए थे। सूत्रों का कहना



है कि उस आरोपी को गिरफ्तार न करने का फैसला गोविलकर का नहीं, बल्कि एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी का था। शुरूआती जांच में यह बात सामने नहीं आई थी कि संबंधित आरोपी के खिलाफ प्रॉपर्टी से जुड़े दस से 12 और मामले हैं। जब उस आईपीएस अधिकारी को पता चला कि संबंधित आरोपी ने शुरूआती पूछताछ में यह सच छिपाया है, तो उसे सीआरपीसी के सेक्शन 91 के तहत नोटिस देने का भी फैसला किया गया था।

संजय गोविलकर 26/11 को डीबी मार्ग पुलिस स्टेशन से जुड़े हुए थे। गिरगांव चौपाटी पर इसी पुलिस स्टेशन के 14 पुलिसकर्मियों ने कसाब और उसके साथी अबू इस्माइल को घेरा था। उस एनकाउंटर में इस्माइल मारा गया था। उसी दौरान कसाब द्वारा चलाई गोलियों में सिपाही तुकाराम ओंबले शहीद हो गए थे। उस गोलीबारी में एक गोली इंस्पेक्टर गोविलकर के कमर को छूते हुए निकल गई थी। उस वक्त एनकाउंटर स्थल पर मौजूद सभी पुलिस कर्मियों ने कसाब को उस स्कोडा गाडी से नीचे उतारा, जिस पर फ्री प्रेस जनरल ऑफिस के पास उसने व इस्माइल ने कब्जा कर लिया था। यहां पर पुलिस वाले जब अपने राइफल के बट्स से उसे मार रहे थे, तब जैसा कि राकेश मारिया ने अपनी किताब छएळ टए रअ कळ ठडह में लिखा है कि यह संजय गोविलकर थे, जिन्होंने अपने सहकर्मियों को रोका और कहा कि 'इस पर हमला मत करो। हमें यह जिंदा चाहिए। हमें इससे महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। यह हमारा चश्मदीद गवाह है।' 26/11 केस के मुख्य जांच अधिकारी रमेश महाले ने भी अपनी किताब में लिखा है कि संजय गोविलकर ने उस दिन बहुत विवेक से काम लिया था। कसाब उन्हीं की वजह से जिंदा बचा था।

## देवेंद्र जी आप किताब लिखते रहें, हम बजट पेश करते रहेंः ठाकरे

**मुंबई।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में विरोधी पक्ष नेता देवेंद्र फडणवीस ने बजट पर एक पुस्तक लिखी है, जिसके विमोचन अवसर पर सत्ताधारी दलों के नेताओं ने खूब 'राजनीतिक कटाक्ष' किए। उनके कटाक्ष से खुद फडणवीस भी भौं-चक्के रह गए। इस मौके पर फडणवीस ने कहा कि उनकी पत्नी का वेतन उनके वेतन से ज्यादा है।

बुधवार को विधानभवन के सेंट्रल सभागार में फडणवीस की किताब 'अर्थ संकल्प-सोप्या भाषेत' (सरल भाषा में बजट) का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक सहित पक्ष-विपक्ष के सभी वरिष्ठ नेता, मंत्री व विधायक मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने फडणवीस पर खूब निशाने साधे। हंसी के माहौल में ठाकरे ने कहा, 'मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा भी अवसर भी आएगा कि फडणवीस की बजट पुस्तक पर भाषण देना होगा।' फडणवीस की ओर इशारा करते हुए उद्धव ने कहा, 'देवेंद्र जी को मेरी यही शुभकामना है कि वह अगले 5-10 साल तक हमारी सरकार के बजट पर ऐसे ही किताबें लिखते रहें, लेकिन उनकी यह किताब मैं जरूर पढ़ूंगा।'

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि यह किताब उनके लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा, 'देवेंद्र जी की किताब उस समय आ रही है, जब मैं 2 दिन बाद बजट पेश करूंगा।' हंसी के माहौल में पवार ने कहा, 'देवेंद्र जी के राजनीति छोड़कर लेखक बनने से या फिर उनके दिल्ली जाने से सबसे ज्यादा खुशी सुधीर भाऊ (राज्य के पूर्व वित्त मंत्री) को होगी।' वहीं, विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि देवेंद्र विपक्ष में ज्यादा अच्छा काम करते हैं। पुस्तक विमोचन पर फडणवीस ने कहा कि सरकार की भाषा कठिन होती है। लोगों को समझने में कठिनाई आती है। उन्होंने कहा, 'मैंने खुद कई बार देखा है कि बहुत सारे विधायकों को भी बजट समझ में नहीं आता। विधायकों को बैग में भरकर बजट की मोटी-मोटी पुस्तकें दी जाती हैं। अक्सर वे वहीं छोड़कर चले जाते थे।' फडणवीस ने कहा कि आम लोगों को सरल भाषा में बजट समझाने के लिए उन्होंने यह किताब लिखी है। जल्द ही इसका हिंदी व अंग्रेजी संस्करण भी आएगा।

## सेलु नगर परिषद में सीएए और एनआरसी के विरोध का मामला

# भाजपा ने दो नेताओं को निलंबित किया

**मुंबई।** परभणी के सेलु नगर परिषद के अध्यक्ष और एक अन्य स्थानीय निकाय के उपप्रमुख को भाजपा ने पार्टी से निलंबित कर दिया है दोनों ने सेलु नगर परिषद में सीएए और एनआरसी के खिलाफ पेश हुए प्रस्ताव का समर्थन किया था। नगर परिषद में भाजपा सत्तारूढ़ है। भाजपा प्रवक्ता केशव उपाध्याय ने बुधवार को अपने ट्विटर हैंडल पर निलंबन पत्र पोस्ट किए। पत्र के अनुसार, परभनी स्थित सेलू नगर परिषद के अध्यक्ष विनोद बरोड़े और पालम नगर परिषद के उपप्रमुख बालासाहेब रोकड़े को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने इस मुद्दे पर कहा है कि दोनों पार्टी नेताओं



ने संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ मतदान करके अनुशासनहीनता दिखाई है, इसलिए उन्हें पार्टी से निलंबित किया गया है। पत्रों में निलंबन अवधि के बारे में नहीं बताया गया है। परिषद के अध्यक्ष विनोद बोरडे ने सोमवार को बताया था कि नगरपालिका में 27 पार्षद हैं। 28 फरवरी को सभी ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ एकमत से प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस, राकांपा और 7 मुस्लिम पार्षदों के कहने पर प्रस्ताव पारित होने से दो दिन पहले एक बैठक बुलाई थी। इसमें तय हुआ कि नगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में यह लागू नहीं किया जाएगा।

**इन देशों के गैर मुस्लिमों को नागरिकता देता है सीएए:** सीएए, जिसे पिछले साल दिसंबर में संसद द्वारा पारित किया गया था। यह कानून पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आकर भारत में बसे गैर-मुस्लिम लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करता है। इसके खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ भाजपा का कहना है कि यह कानून नागरिकता देने वाला है न कि नागरिकता लेने वाला।

## उबर कैब ड्राइवर को रास्ते में आने लगी नींद, महिला यात्री ने 150 किमी खुद कार चलाई

**पुणे।** महाराष्ट्र में एक महिला यात्री को उबर कार खुद चलानी पड़ी। दरअसल, पुणे से करीब 150 किमी दूर मुंबई जा रही महिला ने उबर कैब बुक की थी। उसके ड्राइवर को रास्ते में नींद आने लगी। मजबूर होकर महिला ने खुद स्टीयरिंग संभाली और कार चलाकर मुंबई पहुंची। मामला 21 फरवरी का है। लेकिन यह तब सामने आया, जब 28 साल की तेजस्विनी दिव्या नाइक ने घटना के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए। वीडियो के जरिए तेजस्विनी ने उबर कंपनी से ड्राइवर की शिकायत भी की। दिव्या ने कहा- मैंने पुणे से अंधेरी (मुंबई) के लिए उबर कैब बुक की थी। शुरूआत में ड्राइवर लगातार फोन पर बात कर रहा था। मैंने उसे फोन से बात करने से रोका। उसने फोन रखा तो उसे नींद आने लगी। एक बार तो एक्सीडेंट होते-होते बचा। मैंने ड्राइवर से कहा कि अगर उसे सोना हो तो थोड़ी देर मैं ड्राइव कर लेती हूं। पहले तो उसने मना किया लेकिन बाद में मैंने स्टीयरिंग संभाल ली। तेजस्विनी ने कहा- जब आधे घंटे का रास्ता बचा



तो ड्राइवर जाग गया और कार चलाने लगा। उबर से शिकायत की तो ईमेल पर जवाब मिला कि ड्राइवर को कंपनी की ओर से सस्पेंड कर दिया गया है। उबर ने इस घटना पर दुख जताते हुए माफी भी मांगी है। तेजस्विनी के मुताबिक, उन्होंने सबूत के तौर पर ड्राइवर के फोटो खींचे और वीडियो बना लिया था। तेजस्विनी एक लेखिका हैं और फिल्मों के लिए कहानी लिखती हैं।

## बजट पर लिखी फडणवीस की किताब का विमोचन

# उद्धव ठाकरे बोले-आप हमारी सरकार पर यूं ही किताब लिखते रहें

**संवाददाता**

**मुंबई।** बुधवार शाम को पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस द्वारा लिखी किताब 'अर्थसंकल्पः सोप्या भाषेत' का विमोचन सीएम उद्धव ठाकरे के हाथों मुंबई में हुआ। इस समारोह में बोलते हुए सीएम ने जहां देवेंद्र फडणवीस की तारीफों के पुल बांधे वहीं नोट बंदी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। उन्होंने फडणवीस की किताब पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह ऐसे ही शिवसेना सरकार के बजट पर किताब लिखते रहें। उद्धव ठाकरे ने कहा, आपने हमारे बजट




से पहले अपनी किताब लिखी है। आप ऐसे ही अगले 5-10 साल तक हमारे बजट पर किताबें लिखते रहें। इससे हमें अपने हिस्से की कमियां पता चलेंगी। उद्धव के इस बयान के बाद सभागृह ठहाकों से गूंज उठा। वहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाई। नोटबंदी का मुद्दा उठाते हुए ठाकरे ने कहा, मैं हमेशा सोचता हूं कि नोट-बैन का जिक्र कभी उसके बाद आने वाले बजट में क्यों नहीं किया गया, जबकि छोटी-छोटी चीजें भी बजट में होती हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फैसला सही था या गलत।

**किताब में लिखी बातें आसानी से समझ में आने वाली: उद्धव-** सीएम ने आगे कहा कि फडणवीस ने इस सब्जेक्ट को बहुत आसानी से बताया है ताकि आम आदमी को भी समझ में आ सके। इस दौरान डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि अमूमन विपक्षी नेता बजट पेश करने के दौरान हंगामा करते हैं लेकिन फडणवीस संयम से सुनते हैं।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**चारों दोषियों की मौत की नई तारीख**

इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को दोषी पवन गुप्ता की दया याचिका खारिज की थी। इसके बाद दिल्ली सरकार नया डेथ वारंट जारी करवाने के लिए पटियाला हाउस कोर्ट पहुंची थी। एडिशनल सेशन जज धर्मेंद्र राणा ने चारों दोषियों को नोटिस जारी कर गुरुवार तक जवाब मांगा था। अदालत के फैसले के बाद निर्भया की मां ने कहा- मुझे उम्मीद है कि यह आखिरी तारीख होगी और दोषियों को 20 मार्च को फांसी दे दी जाएगी। जब तक फांसी नहीं होगी, हम लड़ते रहेंगे। दोषियों की तरफ से पूरी कोशिश यही रही है कि फांसी टल जाए। वहीं, दोषियों के वकील एपी सिंह ने कहा कि चार बार डेथ वॉरंट जारी हो चुका है। दोषियों को कई बार मारा जा चुका है। कम से कम न्यायिक हत्या तो न करें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को क्यूरेटिव पिटीशन खारिज होने के तुरंत बाद पवन ने राष्ट्रपति को दया याचिका भेजी थी। इसी आधार पर ट्रायल कोर्ट ने दोषियों की फांसी तीसरी बार टाल दी थी। सुप्रीम कोर्ट 23 मार्च को गृह मंत्रालय की उस अपील पर सुनवाई करेगा जिसमें निर्भया के दोषियों को अलग-अलग फांसी देने की अपील की गई थी। गुरुवार को केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा- दोषियों ने सिस्टम का मजाक बना दिया है। इस मामले पर 15 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दोषियों को अलग-अलग फांसी देने संबंधी केंद्र की याचिका लंबित रहने का ट्रायल कोर्ट द्वारा फांसी के लिए नया डेथ वॉरंट जारी करने पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**अब मुंबई पुलिस के शरीर पर लगेंगे कैमरे**

इसके बाद किसी भी वारदात के बाद अपराधी गिरफ्तारी से भी और कोर्ट में सजा से भी बच नहीं पाएगा, क्योंकि इन्हीं कैमरों से लिए गए फुटेज मुकदमे के दौरान उसके खिलाफ सबसे बड़ा सबूत होंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, किसी बड़े आंदोलन के दौरान या जब भी पुलिस वाले गश्त पर होंगे, तो उनके शरीर पर Body worn cameras लगे होंगे। इन कैमरों से सिर्फ दिन में ही नहीं, रात में भी विडियो रिकॉर्डिंग हो सकेगी। इन कैमरों में वाय-फाय, जीपीएस, ब्लूटूथ जैसी सारी सुविधाएं होंगी और यह सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से कनेक्ट रहेंगे। बॉडी वॉर्न कैमरों से पुलिस को सिर्फ केस डिटेक्शन में नहीं, तब भी बहुत मदद मिलेगी, यदि कोई भीड़ पुलिस पर अटैक करेगी या कोई ट्रैफिक का उल्लंघन करेगा। इसके अलावा पुलिस की 100 से ज्यादा गाड़ियों में सामने कांच के पास डैश कैमरे भी लगेंगे। इन कैमरों से भाग रहे आरोपी की पूरी रिकॉर्डिंग की जा सकेगी और यदि कोई पुलिस की गाड़ी पर हमला करता है, तब भी वह कैमरे में कैद हो जाएगा। इसके अलावा पुलिस ऐसे 100 कैमरे भी खरीद रही है, जो पुलिस की गाड़ियों की छत पर लगेंगे। यह कैमरे भी कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट रहेंगे। तनाव की स्थिति में कंट्रोल रूम इन कैमरों की वजह से फील्ड पर हालात को बेहतर तरीके से देख सकेगा और उसके बाद पुलिस के आला अधिकारी संबंधित जगह पर कितनी अतिरिक्त पुलिस फोर्स भेजें, वह फैसला करने की सही स्थिति में होंगे।

**कोरोना वायरस पर उद्धव ठाकरे की अपील...**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पिछले एक महीने से दैनिक आधार पर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें बिना डरे और बिना घबराए इस समस्या से निपटने की जरूरत है अगर हम डर जाएंगे तो हमसे गलतियां हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई, नागपुर और पुणे में जांच सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। उद्धव ठाकरे ने कहा, हमारे पास पर्याप्त मात्रा में मास्क है। हमें यह देखने की आवश्यकता है कि मुंबई में खाली सेवन हिल्स अस्पताल का उपयोग क्या आइसोलेशन सुविधाओं के लिए किया जा सकता है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे राज्य के विभिन्न हवाईअड्डों पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के कर्मचारियों को सफाई के लिए कपड़े और आवश्यक चीजें मुहैया कराएं।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

# आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड ने की सारस्वत बैंक के साथ साझेदारी



**आदित्य** बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एक प्रमुख गैर बैंकिंग वित्तीय सेवा कांग्लोमरेट की सब्सिडरी और आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड की निवेश मैनेजर आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड ने आज देश के सबसे बडे.और पुराने अर्बन को- ऑपरेटिव बैंक सारस्वत बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। साझेदारी के तहत आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड के उत्पाद सारस्वत बैंक की देश भर में स्थित 280 से ज्यादा शाखाओं के जरिए उपलब्ध कराए जाएंगे। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड के एमडी और सीईओ ए बालासुब्रमण्यम ने इस साझेदारी के विषय में कहा देश की अग्रणी म्यूचुअल फंड कम्पनी होने के नाते हम ऐसे अवसरों की तलाश में रहते हैं जिसके जरिए हम म्यूचुअल फंड उत्पादों की पहुंच को बढ़ा सकें और निवेशकों को हमारी योजनाओं से फायदा पहुंचा सकें। सारस्वत बैंक बैंकिंग क्षेत्र में काफी प्रतिष्ठित और भरोसेमंद नाम है। हमें विश्वास है कि सारस्वत बैंक का नेटवर्क और आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड की विशेषज्ञता मिल कर भारत में म्यूचुअल फंड की पहुंच को और बढ़ाएगी। ग्राहकों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करना और प्रोडॉक्ट में लीडरशिप ऐसे दो सूत्र हैं जो हमारी साझेदारी को और मजबूत करती हैं। हम इस भरोसे को बनाए रखने के लिए काम करेंगे और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराते रहेंगे। इस मौके पर सारस्वत बैंक के चेयरमैन श्री गौतम ठाकुर ने कहा, हम आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड की योजनाएं अपने मूल्यवान ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए इससे जुड़कर काफी खुशी का अनुभव कर रहे हैं। सारस्वत बैंक में हम अपनी सौ वर्ष पुरानी विरासत को लचीलेपन और दूरदृष्टि के साथ मौजूदा समय में भी बनाए हुए हैं और अपने ग्राहकों को इंडस्ट्री के श्रेष्ठ उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध करवा रहे है। आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड की निवेश योजनाएं हमारे बैंक के जरिए उपलब्ध करवा कर हम अपने ग्राहकों के साथ हमारा सम्बन्ध और मजबूत बना सकेंगे। आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड भारत में निवेशकों के बीच अपनी पहुंच और म्यूचुअल फंड को लोकप्रिय बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। फंड हाउस सभी साझेदार बैंकों और नए साझेदार सारस्वत बैंक के साथ अपने व्यापार को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के दौरे से पहले सीएम योगी से मिले संजय राउत

## तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए थे



**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सात मार्च को अयोध्या में रामलला का दर्शन करेंगे। इसी सिलसिले में राज्यसभा सांसद संजय राउत गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले हैं। संजय राउत ने उद्धव ठाकरे के अयोध्या दौरे को लेकर बात की। इसके बाद संजय राउत अयोध्या निकल गए। संजय राउत तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए थे। महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद उद्धव ठाकरे की वह पहली अयोध्या यात्रा होगी। उद्धव ठाकरे सात मार्च को पहले रामलला के दर्शन कर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे। इसके सरयू नदी के घाट पर आरती में भी शामिल होंगे।

# दाभोलकर हत्याकांड

# हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल 7 साल बाद ठाणे में समुद्र से बरामद हुई

## खोजने में 7.5 करोड़ खर्च आया



**संवाददाता**

**सामाजिक** कार्यकर्ता डॉ नरेंद्र दाभोलकर की हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल बरामद होने की बात सामने आई है। कहा जा रहा है कि नॉर्वे के गोताखोरों ने पिस्तौल ठाणे में अरब सागर से निकाली। जांच के लिए इसे फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। डॉ दाभोलकर की अगस्त 2013 में 2 अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सीबीआई के सूत्रों का कहना है कि हत्या के करीब साढ़े सात साल बाद बरामद हुई इस पिस्तौल को तलाशने में करीब 7 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च हुए। हालांकि, मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अब तक इसकी पिस्तौल बरामद होने की पुष्टि नहीं की है। सीबीआई को अगस्त 2019 में पुणे की शिवाजीनगर कोर्ट से ठाणे की खाड़ी में हथियार तलाशने की मंजूरी मिली थी। इसके बाद नॉर्वे के गोताखोरों को इसकी खोज में लगाया गया। हथियार ढूंढने के लिए दुबई स्थित एनविटेक मरीन कंसल्टेंट्स ने नार्वे से अपनी मशीनरी पहुंचाई। हिंदुस्तान टाइम्स ने सीबीआई के अधिकारी के अधिकारी के हवाले से बताया कि ठाणे की खाड़ी में कई दिनों तक तलाश करने के बाद एक पिस्तौल मिली। बैलिस्टिक्स विशेषज्ञ अब दाभोलकर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताए गए बुलेट के आकार और प्रकार के आधार पर जांच करेंगे कि क्या इसी पिस्तौल का हत्या में इस्तेमाल हुआ था। गोताखोरों ने खाड़ी से पिस्तौल की तलाश के लिए चुंबकीय स्लेज का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी ने पूरे ऑपरेशन की व्यवस्था की। इसमें राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त करने से लेकर पर्यावरण की मंजूरी हासिल करने तक की व्यवस्था थी। यहां तक कि नॉर्वे से मशीनरी लाने के लिए लगभग 95 लाख के सीमा शुल्क की छूट भी मिली। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि पिस्तौल की तलाश में करीब 7.5 करोड़ रुपए खर्च हुए।

**पुणे कोर्ट ने सीबीआई को अगस्त 2019 में खाड़ी में पिस्तौल तलाशने की मंजूरी दी थी**

**सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की 2013 में हत्या कर दी गई थी, उस समय वे सुबह की सैर पर निकले थे**

### अगले 10 दिन में शुरू हो सकता है ट्रायल

दाभोलकर मामले में बचाव पक्ष के एक वकील ने कहा, मैं जांच के उन पहलुओं पर इस वक्त बात नहीं करना चाहता जिन्हें कोर्ट में पेश नहीं किया गया है, लेकिन अगर सच में ऐसा हुआ है, तो मुझे लग रहा है कि उन्हें अप्रैल या फिर अगले 10 दिन में ट्रायल शुरू कर देना चाहिए। मुझे निजी तौर पर नहीं पता कि गोताखोर कहां से आए और कैसे ये प्रक्रिया चली। यही दिलचस्प है कि खोज वर्षों तक चली। मुझे ये समझ नहीं आ रहा है कि ये सब इतना लंबा क्यों चला है।

### मामले से जुड़े एक जज ने इस्तीफा दिया था

डॉ दाभोलकर हत्याकांड की सुनवाई कर चुके बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस सत्यरंजन धर्माधिकारी ने पिछले महीने निजी कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया था। न्यायमूर्ति धर्माधिकारी ने मामले में सीबीआई जांच की धीमी गति को लेकर कई आदेश जारी किए थे। दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को पुणे में ओंकारेश्वर पुल पर सुबह करीब 7.30 बजे दो बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। 2014 में जांच सीबीआई को सौंपी गई। पहली चार्जशीट 6 सितंबर 2016 में दाखिल हुई। इसमें मुख्य साजिशकर्ता के रूप में वीरेंद्र तावड़े और हमलावरों के रूप में सारंग अकोलकर और विनय पवार का नाम आया।

### पुलिस की चार्जशीट में सामने आईं यह बातें

इस मामले में पूरक चार्जशीट 13 फरवरी, 2019 में दाखिल हुई। इसमें दो हमलावरों के नाम सचिन आंदुरे और शरद कालस्कर बताए गए। एक अन्य चार्जशीट 20 नवंबर 2019 में वकील संजीव पुनालेकर और उनके सहयोगी विक्रम भावे के खिलाफ दाखिल हुई। इन्हें हत्या में सहयोगी साजिशकर्ता के तौर पर बताया गया। जिन सात लोगों के नाम चार्जशीट में लिखे गए, उनमें तवाड़े, कालस्कर, आंदुरे और भावे जेल में हैं। अकोल्कर और पवार की गिरफ्तारी नहीं हुई है। 25 मई 2019 को वकील पुनालेकर और भावे को गिरफ्तार किया गया था। पुनालेकर को 5 जुलाई 2019 को जमानत दी गई थी।

# सपा सांसद आजम खान बरेली जेल में 3 दिन के लिए शिफ्ट



**उत्तर प्रदेश** के रामपुर से सांसद और समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान को बरेली जेल में शिफ्ट किया गया है। आजम खान को बरेली जिला जेल में रखा गया है। बरेली जेल में शिफ्ट होने पर आजम खान ने योगी सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगया है। आजम खान को 3 दिन तक लगातार रामपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। आजम खान की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। रामपुर कोर्ट में आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम ने कोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई थी, लेकिन कोर्ट ने आजम खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इस केस की सुनवाई जज धीरेंद्र कुमार की अदालत में हुई थी।

यह जमानत याचिका दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में दायर की गई थी, जिसमें अब्दुल्ला आजम का एक जन्म प्रमाण पत्र रामपुर नगर पालिका से बनवाया गया था और दूसरा लखनऊ से बनवाया गया था। अब्दुल्ला आजम के सर्टिफिकेट में डेट ऑफ बर्थ अलग-अलग थी। इस मामले में सरकारी वकील दलविंदर सिंह डम्पी ने कहा कि सपा सांसद आजम खान गुरुवार को एडीजे 6 कोर्ट में पेश हुए थे। उसके बाद उनको सीतापुर जेल के लिए रवाना किया गया लेकिन आजम खान को बरेली जेल में रोका गया और वहां शिफ्ट किया गया। इस पर सरकारी वकील दलविंदर सिंह ने बताया कि आजम खान को सीतापुर के लिए रवाना किया गया था लेकिन बरेली जेल में उन्हें शिफ्ट किया गया। आजम खान की बरेली जेल में शिफ्टिंग पर सरकारी वकील दलविंदर सिंह ने कहा कि आजम खान से 2 मामलों में दस्तखत कराकर उनको वापस भेज दिया गया है। अग्रिम रूप से जो भी होगा वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया जाएगा। बरेली शिफ्टिंग क्यों हुई इस मामले पर जब सरकारी वकील से आज तक ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि डीआईजी जेल द्वारा कोई आदेश पारित किया गया है।

# व्यवसाय में प्रतिकूलता से सीखने और ताकत हासिल करने का एक अवसर मिलता है




**ऐसे** समय में जब आर्थिक मंदी के कारण घरेलू व्यापार की भावनाओं को दबाकर रखा गया है, एडकोन ग्लोबल, आईपीसीए लैब्रोट्रीज और वेदांता जैसे कंपनियों के शीर्ष व्यवसायिक अधिकारियों ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिकूलता यानि व्यवसाय में कठिनाई ताकत हासिल करने का अवसर देता है और सिखने का मौका मिलता है। हाल ही में जीतो व्यसायिक मंच द्वारा वित्तीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस दौरान एक पैनल चर्चा- व्यापार में कठिनाई, सीखने का सुनहरा अवसर में उक्त रूप में विचार व्यक्त किए गए। अपनी प्रारंभिक टिप्पणियों में महात्मा गांधी के कथन को उद्धृत करते हुए, एडकोन ग्लोबल के अध्यक्ष अशोक अजमेरा (एफसीए), जो इस आयोजन के संयोजक थे, ने कहा कि ताकत जीतने से नहीं आती है। आपके संघर्ष आपकी ताकत का विकास करते हैं। जब आप कठिनाइयों सामना करते हैं और आत्मसमर्पण नहीं करने का निर्णय लेते हैं, यही ताकत होती है। पैनल मे शामिल अधिकारी- आईपीसीए लेब्रोटरीज के सीएमडी प्रेमचंद गोधा, पोकरणा के सीएमडी गौतम जैन, वेदांत के निदेशक तरुण जैन, पनासिया बायोटेक के एमडी राजेश जैन, इंडो काउंट ईडी और सीईओ कैलाश लालपुरिया और ब्रेसकोन के संस्थापक और अध्यक्ष निर्मल गंगवाल को चुनौतियों और प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ा लेकिन हार नहीं मानी और विजेता के रूप में उभरे हैं। अपने अनुभव को साझा करते हुए गोधा ने सफलता के लिए कुछ मंत्र दिए जैसे कि भुगतान में देरी न करें और हमेशा प्रतिबद्धता पर ध्यान दें, लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहें और गुणवत्ता, मूल्य तथा सेवा पर ध्यान केंद्रित करें। वेदांत के चेयरमैन अनिल अग्रवाल का उदाहरण देते हुए तरुण जैन ने कहा कि सफलता हासिल करने से पहले अनिल अग्रवाल को नौ व्यवसायों को बंद करना पड़ा। तरुण जैन ने कहा कि जीवन को सरल रखें, असफलताओं से डरें नहीं, जोश, ईमानदारी और विश्वास रखें और समाज को वापस देने का विचार रखें। राजेश जैन ने कहा कि प्रतिकूल समय के दौरान सुनने, अवलोकन करने, आत्मसात करने के लिए लेकिन प्रतिक्रिया नहीं करना आवश्यक नियम होना चाहिए। गौतम जैन के अनुसार ग्राहकों का विश्वास आपकी बैलेंस शीट है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि व्यक्ति को कर्म के सिद्धांत में विश्वास करना चाहिए, हाथ में जो काम लिया है उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और परिवार में ताकत तलाशनी चाहिए। लालपुरिया ने कहा कि सभी हितधारकों के साथ एक स्पष्ट और पारदर्शी संवाद से अच्छे दिन आ सकते है। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान संसाधनों का आकलन करना, टीम को स्थिति से बाहर रखने के लिए उच्च भावना में रखना और संपत्ति को पसीना बहाना परिणाम को बढ़ा सकते हैं। गंगवाल ने कहा कि हितधारकों के साथ ईमानदारी, समस्या को स्वीकार करना और समाधान की तलाश करना प्रतिकूलताओं को मात देने की कुंजी है। सभा को जीतो (जेआईटीओ और जेएफटी) के राकेश मेहता और पृथ्वीराज कोठारी ने भी संबोधित किया।

# मुंबई के 9 वर्षीय गर्वित ने बच्चों में आंखों की बीमारियों की जांच के लिए एप्प बनाया

**वर्ल्ड हेल्थ** आगेर्नाईजेशन (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के रिपोर्ट के अनुसार 2.2 बिलियन लोग दृष्टिदोष या नेत्रहीनता के शिकार हैं, इनमें से कम से कम 1 बिलियन दृष्टिदोष ऐसे हैं जिसे रोका जा सकता है या अभी तक संबोधित किया जाना बाकी है। भारत में 8 से 10 प्रतिशत बच्चे भेंगेपन (रिफ्रैक्टिव एरर) के शिकार हैं और उन्होंने कभी भी सही चश्मे नहीं पहने हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, मुंबई के 9 वर्षीय गर्वित सूद ने एक 'दृष्टि एप्प' बनाया है, जो लोगों को उनकी आंखों से संबंधित या दृष्टि संबंधी किसी भी मामले की जांच करने में मदद करता है और वे समय पर उचित इलाज करवा सकते हैं। आँखें दुनिया को देखने के लिए हमारी खिड़कियाँ हैं और देखने की समस्या से किसी को भी परेशानी हो सकती है। गर्वित, खुद ही देर से हुयी जांच का शिकार था, जाँच के बाद पता चला कि उसे एस्टीगमैटिज्म है। गर्वित व्हाइटहैट जूनियर के प्लेटफॉर्म पर कोडिंग की अपनी सीख का इस्तेमाल ऐसा एप्प बनाने में करना चाहता था जोकि इस मुद्दे को हल कर सके। इस एप्प को इस्तेमाल करना सरल है, इसमें रोगी को अपने फोन की स्क्रीन पर विभिन्न आकारों के अक्षर/संख्याएं पढ़नी होती हैं। यूजर को उसके पढ़ने की सफलता के स्तर के अनुसार, उसकाविजन स्कोर बताया जाएगा। यह स्कोर बता सकता है कि क्या यूजर को आगे की जांच के लिए डॉक्टर के पास जाने की जरुरत है कि नहीं। यह एप्प ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भी मदद कर सकता हैं जहां डॉक्टर के पास पहुंचना मुश्किल है। यहाँ तक कि डॉक्टर भी अपने मरीजों की शुरूआती जांच के लिए इस एप्प की मदद ले सकते हैं। व्हाइटहैट जूनियर के संस्थापक और सीईओ करण बजाज ने कहा, आज के समय में बच्चे सामाजिक मुद्दों या समस्याओं पर काफी जागरूक हैं। वह इन परेशानियों का हल निकालने में अपने ढंग से योगदान देना चाहते हैं। हम गर्वित जैसे तमाम बच्चों को देख रहे हैं जो सचमुच ही बड़ा बदलाव लाने और व्हाइटहैट जूनियर प्लेटफार्म पर सिर्फ 40 घंटे की कोडिंग सीखकर प्रभावशाली एप्प तैयार कर ले रहे हैं। इन आविष्कारों का असर निश्चित रूप से दुनिया पर पड़ेगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आजम खान के कार्यकाल में हुई थीं 1300 नियुक्तियां, योगी सरकार ने की रद्द

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार में तत्कालीन नगर विकास मंत्री आजम खान के विभाग जल निगम में हुई 1,300 कर्मचारियों की नियुक्ति निरस्त कर दी है। इन भर्तियों में गड़बड़ी का आरोप है। जल निगम के अपर मुख्य अभियंता आईके श्रीवास्तव की ओर से सोमवार को जारी आदेश के मुताबिक, जल निगम में भर्ती किए गए 122 सहायक इंजिनियरों, 853 जूनियर इंजिनियरों और 325 लिपिकों की नियुक्ति को विशेष जांच दल (एसआईटी) और विभाग की रिपोर्ट के आधार पर रद्द करते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाता है। लेकिन, इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि लिपिकों को अब तक दिए गए वेतन-भत्ते आदि की वसूली नहीं की जाएगी।



धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद चल रहे मोहम्मद आजम खान पिछली सरकार में नगर विकास विभाग मंत्री थे। वर्ष 2016–17 में हुई इन भर्तियों के समय जल निगम उन्हीं के विभाग के अधीन था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन भर्तियों में अनियमितता की शिकायतें मिलने के बाद योगी सरकार ने 2017 में एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी और विभागीय जांच के बाद इन भर्तियों को रद्द किया गया है। एसआईटी ने अपनी जांच में कहा है कि परीक्षा कराने के लिये चुनी गयी मुंबई की एजेंसी ने सही चयन प्रक्रिया नहीं अपनायी। परीक्षा में असफल रहे अभ्यर्थी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अदालत की शरण में गए थे।

अधिकारी ने बताया कि योगी सरकार ने सहायक इंजिनियरों की सेवायें पहले ही समाप्त कर दी थीं, लेकिन उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई थी। नए आदेश में सभी की सेवायें समाप्त कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी के खिलाफ भी जांच कराई जाएगी। गौरतलब है कि योगी सरकार से पहले एसपी प्रमुख अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे। आजम खान को एसपी मुखिया मुलायम सिंह का बेहद खास माना जाता है।

## दिल्ली में होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को ज्यादातर इलाकों में बारिश हुई, जबकि आउटर दिल्ली के कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। बारिश का यह दौर आज और शुक्रवार को और तेज होगी। इसकी वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने भी आज और कल के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

दिल्ली का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री दर्ज किया गया। कई जगहों पर दोपहर बाद बारिश हुई। स्काईमेट के अनुसार, 7 मार्च तक राजधानी में 25 से 30 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो सकती है। हालांकि शाम और रात के समय ही बारिश अधिक होने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, दिल्ली में अच्छी बारिश होगी। 4 से 7 मार्च के बीच बारिश का मौसम बना रहेगा, क्योंकि इसी दौरान पहाड़ों पर एक पश्चिमी विक्षोभ आएगा और एक चक्रवाती क्षेत्र मैदानी इलाकों में राजस्थान और आसपास के भागों पर बनेगा। इन दोनों सिस्टम के प्रभाव से बारिश का एक लंबा दौर दिल्ली को मिल सकता है। आज और कल ज्यादा बारिश की संभावना है। साथ ही तेज हवाएं चलेंगी और ओले भी गिरेंगे। एक-दो जगहों पर बिजली भी गिर सकती है।

## डीआरआई की छापेमारी में राजधानी एक्सप्रेस से 15 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं बरामद

**वाराणसी।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की वाराणसी टीम ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के कोच से लगभग 15 करोड़ रुपये का ड्रग्स बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि इन नशीली दवाओं को ट्रेन के जरिये दिल्ली से कोलकाता ले जाया जाना था। टीम ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया जिन्हें जेल भेजा दिया गया है डीआरआई के वरिष्ठ खुफिया अधिकारी आनंद राय ने बताया कि डीआरआई की वाराणसी इकाई ने गुप्त सूचना पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पहुंची और राजधानी एक्सप्रेस में छापेमारी कर तीन तस्करों सहित 49.240 किलो ड्रग्स बरामद किया। उन्होंने बताया कि बरामद ड्रग्स की कीमत 15 करोड़ रुपये है जिसे दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से कोलकाता ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कोलकाता के रास्ते ड्रग्स को मलेशिया भेजा जाना था। साथ ही बताया कि पकड़ा गया ड्रग्स सिंथेटिक ड्रग्स है जिसे रासायनिक विशेषज्ञ ही बना सकते हैं। इन नशीली दवाओं का इस्तेमाल महंगी पार्टियों में किया जाता है।

## कोरोना वायरस से दिल्ली के स्कूल अलर्ट मोड पर

**नोएडा।** नोएडा के स्कूलों में कोरोना वायरस को लेकर मचे कोहराम के बाद अब दिल्ली के स्कूल भी अलर्ट मोड पर हैं। प्राइवेट स्कूलों में अवेयरनेस कैंपेन शुरू हो चुका है। स्कूलों ने पैरेंट्स के नाम अडवाइजरी जारी की, वहीं कुछ स्कूलों में बच्चों को सही तरीके से हाथ धोने से लेकर मास्क के इस्तेमाल के बारे में भी बताया जा रहा है। स्कूलों का कहना है कि जरूरत पड़ने पर स्कूल बंद करने के लिए भी तैयार हैं और कई स्कूल आने वाली छुट्टियां पहले ही करने का विचार कर रहे हैं। अब तक शिक्षा निदेशालय ने ना ही स्कूलों और ना ही पैरेंट्स के नाम एडवाइजरी जारी की है, लेकिन एक्शन प्लान के लिए मीटिंग जरूर हुई है। अधिकारियों का कहना है कि आज से सभी स्कूलों में अवेयरनेस कैंपेन शुरू हो जाएगा। उम्मीद है। आज निदेशालय सभी स्कूलों के लिए एडवाइजरी जारी कर देगा।

दिल्ली सरकार के एजुकेशन डायरेक्टर के प्रिंसिपल एडवाइजर शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि गुरुवार से ही सरकारी स्कूलों में भी अवेयरनेस कैंपेन अलग-अलग तरीके से शुरू हो जाएगा। कोरोना वायरस के खिलाफ स्कूलों को तैयार करने का एक्शन प्लान एक्सपर्ट्स से मिलकर तैयार किया जा रहा है, गुरुवार तक इसे लागू कर दिया जाएगा। इन दिनों स्कूलों में एग्जाम चल रहे हैं, क्लासेस नहीं हो रही हैं, यह सब देखते हुए बचाव का प्लान बनाया जा रहा है। डीपीएस, आरकेपुरम ने कोरोना वायरस से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है और स्कूल टीचर्स स्टूडेंट्स को कोरोना वायरस के लक्षण और इसके ट्रांसमिशन के बारे में भी बता रहे हैं। कैसे सेफ रहें, साथ ही उन्हें हाथ धोने के सही तरीके से लेकर डाइट के बारे में भी बताया गया है। एमिटी इंटरनैशनल स्कूल पुष्प विहार भी अलर्ट रहा।

## राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का जश्न मनाएगा वीएचपी, 200 जगहों पर होंगे कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद विश्व हिंदू परिषद अब देशभर में अपने जश्न की खास तैयारियां कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद वीएचपी ने बुधवार को कहा कि वह देश में 200 से अधिक स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर राम जन्मभूमि मामले में उच्चतम न्यायालय से मिली 'जीत' का जश्न मनाएगा। ये कार्यक्रम 25 मार्च से आठ अप्रैल के बीच आयोजित किए जाएंगे।



इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नवंबर में सुनाए अपने फैसले में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ किया था। न्यायालय के आदेशानुसार मंदिर निर्माण के लिए पिछले महीने एक 15 सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया था। वीएचपी महासचिव मिलिंद परांदे ने बुधवार को कहा कि वीएचपी द्वारा एक लंबी लड़ाई का नेतृत्व करने के बाद उच्चतम न्यायालय ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया था। अब जब केंद्र ने एक स्वतंत्र न्यास का गठन कर दिया है तब हमें उम्मीद है कि अयोध्या में शीघ्र ही भव्य राम मंदिर का निर्माण होगा। मिलिंद परांडे ने कहा, 'राम मंदिर के पक्ष में उच्चतम न्यायालय का निर्णय को लेकर हम 25 मार्च से 8 अप्रैल के बीच वृहद स्तर पर जश्न मनाएंगे।

## क्या दिल्ली हिंसा की आड़ में जानबूझकर आईबी ऑफिसर अंकित शर्मा की हत्या की गई थी

**नई दिल्ली।** आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या मामले की चल रही जांच से यह संकेत मिल रहे हैं कि यह एक 'टार्गेट कीलिंग' थी यानी अंकित को जानबूझकर निशाना बनाया गया था। सूत्रों ने बताया कि यह सिर्फ दंगे में हुई मौत का मामला नहीं है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की कड़ी जोड़ रही है। अंकित 25 फरवरी को शाम 5 बजे के करीब ऑफिस से लौटे थे और अपने दोस्तों के साथ बाहर गए थे । उनके साथ उनका दोस्त कालू भी था और कुछ और लोग थे, जो कि पुलिया के एक तरफ खड़े थे। तभी दूसरी तरफ से पथराव हुआ और अंकित सामने ही खड़े था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि अंकित को पत्थर लगी और वह गिर गए। इसके बाद दूसरी तरफ से तीन-चार लोग आए और उन्होंने अंकित को काबू में कर लिया। इसके बाद अंकित को एक घर के अंदर ले जाया गया। सूत्र ने बताया, 'हैरानी की बात है कि उन्होंने अंकित के अलावा किसी को टच नहीं किया।'

अंकित को किसी सुनसान जगह ले जाया गया जिसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा। जहां उनके कपड़े उतार दिए गए और नृशंसता की गई। उनका शव फिर नाले में फेंक दिया गया। उसके शव पर सिर्फ अंडरगारमेंट थे। अगली दिन उनका शव नाले से मिला। घटनाक्रम, प्रथम द्रष्टया मिली जानकारी, कुछ बयानों और डॉक्टरों की शुरूआत राय को देखते हुए आईबी का यह मानना है कि अंकित की हत्या किसी मकसद से की गई थी। आईबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'घटनाक्रम संकेत देते हैं कि हत्यारे कुछ संदेश देना चाहते थे। हम जो देख रहे हैं यह उससे कहीं बड़ा है।' अंकित के शव पर चोट की संख्या स्पष्ट नहीं है, वहीं पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि उसके शरीर पर कम से कम चाकू से मारने के 54 गहरे घाव थे। जांचकताओं ने कहा कि मामले की जांच अब टार्गेट कीलिंग को देखकर भी की जा रही है। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि अंकित का अपहरण हुआ और दूर ले जाया गया। उन्हें घटनास्थल पर नहीं मारा गया जिसने संदेह पैदा किया है। जब घटनाक्रम सामने आया तभी इस बात को बल मिला है। शव जिस हालत में मिला है उससे प्रतिशोध स्पष्ट झलकता है। भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति को इस तरह नहीं मारा जाता।'

क्या पुलिस को कोई सुराग मिला है, इस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे अंकित को खींचकर ले जाने वाले शख्स की पहचान करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा, 'इलाके के टेक्निकल सर्वेलांस के आधार पर सबूत का इंतजार किया जा रहा है। हम बांग्लादेशी अपराधियों के ग्रुप को ट्रेस कर रहे हैं जिनका लोकेशन उस वक्त वहां पाया गया था।' क्या दिल्ली हिंसा की आड़ में जानबूझकर कइ ऑफिसर अंकित शर्मा की हत्या की गई थी

# नहीं देखी होगी पानी के नीचे की ऐसी दुनिया, देखें बेहतरीन तस्वीरें

पानी के अंदर होने वाली हलचलों को जो लोग खूबसूरती से कैद करते हैं, पिछले 55 सालों से ब्रिटिश सोसायटी ऑफ अंडर वॉटर फटॉग्रफर हर साल उनके लिए अवॉर्ड घोषित करती है। साल 2020 के अंडर वॉटर फटॉग्रफर्स घोषित हो चुके हैं। इस प्रतियोगिता की दर्जन भर श्रेणियों के लिए दुनिया भर के पचास देशों से हजारों तस्वीरें आईं। देखिए चुनिंदा तस्वीरें।



फ्रोजन मोबाइल होम

अंडरवाटर फटॉग्रफर ऑफ द इयर और वाइड एंगल कैटिगरी की विजेता बनी यह तस्वीर अंटार्कटिक में फ्रांस ग्रेग लेकोयूर द्वारा ली गई है।

कोमोशन इन द ओशियन

इस समुद्री घोड़े की तस्वीर ब्रिटेन के फटॉग्रफर नर टकर ने फिलिपींस के डमागुटे के समुद्र में तब खिंची थी, जब यह समुद्री घासों के बीच से गुजर रहा था।

लास्ट डॉन, लास्ट ब्रेथ

समुद्री संरक्षण कैटिगरी में विनर रही यह तस्वीर इटली के फटॉग्रफर पस्क्वाले वासल्लो द्वारा तब ली गई है, जब एक ट्यूना मछुआरों की जाल में फंसी थी।

गौबी गुडनेस

कोरल के बीच मौजूद एक गौबी की यह तस्वीर मैक्रो कैटिगरी में विनर रही है। जर्मन फटॉग्रफर हेंस क्लास्टरमन ने यह तस्वीर केमैन आइलैंड्स के लिटिल केमैन में खिंची है।

आइज (आंखें)

इन झींगों को गेंडा चिरांट भी कहते हैं। ये समुद्र में दो से तीन सौ मीटर की गहराई में रहते हैं। फटॉग्रफर किगो कावामुरा को ये जापान के इजू ओशनिक पार्क में मिले थे।

ब्लिंग

सिंगापुर के फटॉग्रफर लिलियन कोह ने फिलीपींस में यह तस्वीर ली है। इस तस्वीर में आप एक जुवेनाइल वंडरपस ऑक्टोपस को देख रहे हैं।

ऑक्टोपस ट्रेनिंग

इस तस्वीर में एक ऑक्टोपस ने एक फुटबॉल पकड़ा हुआ है और लहरों के साथ बहता चला जा रहा है। इटली के फटॉग्रफर पास्कल वासल्लो ने इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया है।

लेयर्ड थॉट्स

यह तस्वीर इंडोनेशिया के कोमोडो नैशनल पार्क में सिंगापुर के फटॉग्रफर मोक वाई हो द्वारा कैमरे में कैद की गई है। इस तस्वीर को ब्लैक ऐंड-वाइट कैटिगरी में विनर के तौर पर चुना गया है।

कॉन्स्टिलेशन ऑफ ईगल रेज

यह तस्वीर ब्लैक-ऐंड-वाइट कैटिगरी की उपविजेता है। ब्रिटेन के फटॉग्रफर हेनली स्पियर्स ने इस तस्वीर को कैमरे में कैद किया है। मालदीव के माल्दे एटोल में ली गई इस तस्वीर में आप ईगल रेज के झुंड को देख सकते हैं।

फायरवर्क्स एनीमोन सनबर्स्ट

यह समुद्री एनीमोन है जो अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। फटॉग्रफर ट्रेवॉर रीस को यह ब्रिटेन के लॉक ड्वीक के समुद्र में मिला था।

## अब काकोरी में दशहरी आम संग उठा सकेंगे झील में सैर का लुत्फ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सिर्फ 14 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद दशहरी बेल्ट में घूमने और आम खाने की ख्वाहिश रखने वाले लोग अब यहां झील की सैर भी कर सकेंगे। पर्यावरण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काकोरी में आम के बागों के बीच राजधानी की सबसे बड़ी आर्टिफिशल झील बनेगी। यहां पहले से मौजूद 30 तालाबों को जोड़कर झील में तब्दील किया जाएगा और इसका नाम होगा- दशहरी झील। काकोरी के दशहरी गांव से शहीद स्मारक करीब पौने दो किमी के दायरे में कुल 30 तालाब हैं। जिला प्रशासन ने इन्हीं तालाबों को मिलाकर झील का रूप देने की योजना बनाई है। जानकारी के अनुसार, इस झील के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है और अब इसे डिवेलप करने के लिए जिला प्रशासन ने छह सदस्यीय कमिटी भी बना दी है। इसमें सीडीओ मनीष बंसल के अलावा एसडीएम मलिहाबाद, लेखपाल, एक जेई और तहसील स्तर पर राजस्व से जुड़े तीन कर्मचारियों को शामिल किया गया है। राजस्व की टीम ने सोमवार को तालाबों की नापजोख भी शुरू कर दी। मंडलायुक्त मुकेश मेश्राम ने बताया कि जिन तालाबों पर अवैध कब्जे हैं, उन्हें कब्जामुक्त करवाने के लिए नापजोख करवाई जा रही है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
पारिवारिक सदस्य के कारण तनाव मिल सकता है। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृष**
शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा काम सार्थक होगा। दांपत्य जीवन में तनाव आएगा। भागदौड़ रहेगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**मिथुन**
पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**कर्क**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। विरोधी सक्रिय हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।बीमारियां घेर सकती हैं।

**सिंह**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, समान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी।

**कन्या**
शिक्षा की दिशा में सफलता मिलेगी लेकिन पारिवारिक या व्यावसायिक तनाव मिल सकता है। व्यर्थ की उलझनें भी मिलेंगी।

**तुला**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। उच्च अधिकारी या घर के मुखिया से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु**
रचनात्मक प्रयास फलीभूत होगा। संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी।

**मकर**
शासन सत्ता से सहयोग मिलेगा। कुछ पारिवारिक या स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कुंभ**
यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन**
जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा लेकिन भावुकता पर नियंत्रण रखें। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

# देवा शरीफ दरगाह: जहां हर साल मनाई जाती है होली



रंगों का कोई मजहब नहीं होता, न ही रंगों की कोई जात होती है, पर जब यही रंग अपने सफर पर निकलते हैं तो इंसान के भीतर कुछ जिंदा हो उठता है। आज हम आपको उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सिर्फ 42 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक ऐसे दरगाह के बारे में बताने जा रहे हैं, जो हिंदु-मुस्लिम एकता की बेमिसाल पहचान है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में स्थित देवा शरीफ में हर साल होली मनाई जाती है। यह हिंदुस्तान की एकमात्र ऐसी दरगाह है, जहां होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

देवा शरीफ एक ऐतिहासिक हिन्दू-मुस्लिम धार्मिक स्थल है। यहां कौमी एकता की पहचान हाजी वारिस अली शाह की दरगाह है। यहां साल भर लोग दर्शन के लिए आते हैं। अक्टूबर-नवंबर में देवा शरीफ में मेले का आयोजन भी होता है। लेकिन होली के दौरान इस स्थान की रौनक देखने वाली होती है। दूर-दूर से लोग यहां होली समारोह में शामिल होने आते हैं। देवा शरीफ हाजी वारिस अली शाह की जन्मस्थली है, जिन्होंने मानवता के लिए प्रेम के अपने संदेश से कई पीढ़ियों के जीवन को प्रभावित किया है। हाजी वारिस अली शाह का जन्म 19वीं शताब्दी में हुसैनी सय्यदों के एक परिवार में हुआ था। सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के चाहने वाले सभी धर्म के लोग थे। इसलिए हाजी साहब हर वर्ग के त्योहारों में बराबर भागीदारी करते थे। वह अपने हिंदू शिष्यों के साथ होली खेल कर सूफी परंपरा का इजहार करते थे। उनके निधन के बाद यह परंपरा आज भी जारी है। यहां की होली उत्सव की कमान पिछले चार दशक से शहजादे आलम वारसी संभाल रहे हैं। वह बताते हैं कि यह देश की पहली दरगाह है, जहां होली के दिन रंग गुलाल के साथ जश्न मनाया जाता है। कौमी एकता गेट पर पुष्प के साथ चाचर का जुलूस निकाला जाता है। इसमें आपसी कटुता को भूलकर दोनों समुदाय के लोग भागीदारी करके संत के ह्मजो रब है, वही राम हैह्न के संदेश को पुख्ता करते हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# दांतों की समस्या को दावत देतीं हैं ये 9 आदतें

हमारे दांत हमारी खूबसूरती और व्यक्तित्व का हिस्सा होते हैं, मोतियों जैसे चमकते सफेद दांत आपकी सुंदरता और व्यक्तित्व में चार चांद लगा देते हैं, इसलिए आज हम बात करेंगे दांतों की समस्या को ले कर। एक खूबसूरत चेहरे के लिए हमारे दांतों का खूबसूरत होना बेहद जरूरी है। खूबसूरत दांतों के बिना हमारी मुस्कराहट बेअसर होती है। हमारे दांतों का सम्बन्ध हमारी सुन्दरता से तो होता ही है साथ ही इसका हमारे स्वास्थ्य से भी गहरा नाता है। एक ओर जहाँ सुन्दर और मजबूत दांत हमारी सुन्दरता को बढाते हैं, वहीं मजबूत दांतों से चबाकर खाना खाने से पाचन क्रिया भी सही रहती है। लेकिन पीले दांत आपके चेहरे की खूबसूरती कम कर देते हैं। पीले दांतों के कारण न सिर्फ चेहरे की खूबसूरती प्रभावित होती है बल्कि आत्मविश्वास में भी कमी आती है। बहुत से लोग पीले दांतों के कारण लोगों के सामने हंसने से बचते हैं या मुंह पर हाथ रखकर हंसते हैं। जब हम दांतों को लेकर लापरवाही बरतते है तो हम कई बीमारियों को दावत दे देते हैं। आज हम आपको बताएँगे वो 9 गलतियाँ जो हम अपने दांतों को लेकर करते है, ताकि आप कर सकें दांतों की देखभाल बेहतर तरीके से :-

1. मटर के दाने जितना टूथपेस्ट लें

हमें दिन में 2 बार लगभग 60 सेकंड तक ब्रश करना चाहिए। हमें टूथपेस्ट का इस्तेमाल कम मात्रा में लगभग मटर के दाने के बराबर करना चाहिए। क्यूंकि इसमें फ्लोराइड मिला होता है जो ज्यादा मात्रा में प्रयोग किये जाने से दांतों को नुकसान पहुचाता है।



2. अपने दांतों के साथ कठोरता न बरते

हमें सॉफ्ट ब्रश का प्रयोग करना चाहिए। गलत, बलपूर्वक और जल्दी जल्दी ब्रश करने से हमें बचना चाहिए। इससे दांतों को नुकसान पहुंचता है। इससे दांतों पर कैविटी हो जाती है।

3. अपने मसूड़ों का ख्याल रखें

पाइरिया, दांतों से खून आना, खराब साँस और कुछ ऐसी चीजें हैं जिससे लगभग 91 प्रतिशत भारतीय ग्रसित हैं। इनमें से ज्यादातर तब होता है जब हमारा शरीर हार्मोनल बदलावों से गुजरता है जैसे पुबेर्टी, गर्भावस्था, राजनोवृत्ति के दौरान। ऐसे में मसूड़ों का ख्याल रखना जरूरी हो जाता है।

4. कैविटी को जल्द से जल्द भरना

दांतों को टूटने और मसूड़ों को खराब होने से बचाने के लिए जरूरी है कि कैविटी को जल्द से जल्द भर दिया जाए। दांतों के संरचनात्मक एकीकरण को ठीक रखने के लिए दांत को रूट कैनाल के द्वारा कैप लगानी चाहिए तथा दांतों की खाली जगह में अन्य दांत लगवा लेना चाहिए।

5. छुपी हुई कैविटी को पहचानना

दांतों के इनेमल में मिनरल्स की कमी दांतों पर सफेद धब्बों के रूप में नजर आती है, जो हमारी खाने की खराब आदत और गलत तरीके से ब्रश करनी की ओर इशारा होता है। इसे फिर से मिनरलाईस करने की जरूरत होती है।

6. खर्राटें मारने की आदत की अनदेखी ना करें

मुंह से साँस लेना और खर्राटें लेने का सम्बन्ध संरचनात्मक कारणों से हो सकता है, जिसमें नाक में रूकावट, नाक की झिल्ली का पथभ्रष्ट होना या जबड़ों की बनावट में गड़बड़ी हो सकती है। इसमें सर्जरी किये जाने की आवश्यकता होती है।

7. मुंह के छालों और सफेद धब्बों की अनदेखी ना करें

यदि मुंह में छाले जैसे जीभ, गम्स या गालों पर सफेद धब्बे के रूप में एक हफ्ते से अधिक नजर आयें तो इसमें डॉक्टरी सलाह लेने की जरूरत होती है। मुंह का कैंसर इनका कारण हो सकता है ।

8. लगातार जांच करवाते रहें

लगातार जांच करवाते रहने से मुंह के कैंसर से बचाव की संभावनाएं बढ़ जाती है, यह भारत में आम तौर पर पाया जाने वाला कैंसर है।

9. अगर आपको डायबटिस है

ऐसी स्थिति में आपको बेक्टेरिअल इन्फेक्शन और पायरिया का खतरा बढ़ जाता है। ज्याद ख्याल रखें क्यूंकि अच्छे गम्सग्लूकोस को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं अपने डॉक्टर की सलाह लेते रहें।

## नींबू के फायदे और गुण



फलों में विटामिन-सी की प्रचुरता होती है। उसमें भी बात अगर नींबू की हो तो शक की कोई गुंजाइश नहीं है। विटामिन-सी ताजे फलों और सब्जियों में पायी जाती है। यह त्वचा में निखार लाती है। यह हड्डियाँ को मजबूत करती है और रक्त कोषों का निर्माण करती है। मसूड़ों और मुँह को यह ठीक रखती है। विटामिन-सी के महत्तव को देखते हुए कई चिकित्सा विशेषज्ञ प्रतिदिन इसकी 30 मिलीलीटर मात्रा के सेवन की राय देते हैं। इससे अधिक मात्रा में लेने से कोई विशेष फायदा नहीं है।

विटामिन-सी का एक महत्तवपूर्ण स्रोत नींबू है। नींबू या इसके शर्बत का सेवन सुंदरता का एक रहस्य है। इसलिये नींबू के गुणों को जानना हमारे लिये फायदेमंद हो सकता है। ये हैं नींबू के महत्तवपूर्ण गुण-

मुरझाई त्वचा के लिये नींबू के फायदे मुरझाई त्वचा में निखार लाने के लिये आप घर में बने ब्लीचिंग लोशन इस्तेमाल कर सकते हैं। घर में ब्लीचिंग लोशन बनाना आसान है। इसके लिये आपको एक बड़े चम्मच में ताजा नींबू का रस और पाँच चम्मच गुलाब जल चाहिये। इसे मिला लें और त्वचा पर लगायें। रूखी त्वचा चहक उठेगी।

हाथ और किहुनी के लिये नींबू के फायदे किहुनी का रंग मलिन होने पर नींबू के पत्तों को एकत्र करें।

इसे किहुनी पर बाँध लें। हाथों के लिये बी यह युक्ति सफल है। किहुनी और हाथों का मलिन रंग चले जायेगा। बालों की धुलाई के लिये नींबू के फायदे बालों की धुलाई में नींबू का रस बहुत उपयोगी है। इसके लिये बालों को पहले साबुन से धो लें। धुलने के बाद बालों में नींबू का रस लगाएँ। इसे सुखा लें। बालों का रंग खिल उठेगा।

विटामिन-सी का एक और स्रोत तरबूज और अनानस है। रोजाना टमाटर का सेवन भी विटामिन-सी की शारीरिक जरूरत को पूरा करता है। इसलिये न केवल सेहत के लिये बल्कि त्वचा में निखार और सुंदरता के लिये विटामिन-सी से भरपूर फलों और सब्जियों का रोजाना सेवन करें।

## अखबार पर खाना रखकर खाने से हो सकती है ये घातक बीमारी



अक्सर हम कहीं बाहर जाते हैं तो बिना कुछ सोचे समझे अखबार में खाना लपेट कर ले जाते हैं और अखबार पर ही खाते भी हैं। लेकिन क्या आपको इसके साइडइफेक्ट पता है।

लेकिन खाद्य सुरक्षा नियामक ने ऐसा करने वालों को सचेत किया है। उन्होंने इसके लिए लोगों को आगाह किया है ।

अखबार में खाना पैक करना या अखबार के उपर खाना खाना सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। एफ एस एस ऐ आई ने बताया की ऐसा करने से लोगों के शरीर में कैंसर जैसे घातक रोग को पैदा करने वाले कारक तत्व पहुँचते है।

इसी चेतावनी के साथ ही भारतीय खाद सुरक्षा एवं मानक प्राधिकार ने लोगों को सेहत के प्रति सचेत करते हुए अखबार पर खाने की चीजें नहीं रखने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि खाना चाहे कितना भी स्वास्थ्यवर्धक और स्वच्छ बना हो लेकिन ये जैसे ही अखबार के संपर्क में आता है ये हानिकारक हो जाता है।

और हमारी सेहत को नुकसान पहुंचाता है। अखबार छापने में इस्तमाल होने वाली स्याही में कई तरह के खतरनाक बायोएक्टिव तत्व होते है जिसका हमारे शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही प्रकाशन स्याही में भी नुकसानदायक कलर, पिगमेंट और परिरक्षक होते हैं जो की हमारे शरीर में खाने के साथ लगकर अंदर चला जाता है

# चावल के आटे से फायदे

आज के समय में जहां हर कोई सुंदर दिखना चाहता है वहीं हमारी सुन्दरता को जब किसी बीमारी की नजर लग जाती है तो हमारी स्किन को कई परेशानियाँ हो जाती है। लेकिन अगर हम चाहे तो इसे घर में मौजूद सामान के द्वारा अपनी स्किन की परेशानियों को आसानी से दूर कर सकते हैं और साथ ही ब्यूटी के भी कई फायदे मिलते हैं। इन उपायों के द्वारा हमें सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि इसका इस्तेमाल करने से हमें किसी प्रकार का साइडइफेक्ट नहीं होता और यह कम पैसों में अधिक असरदार देते हैं। घर में मौजूद सामान में से एक है चावल का आटा। चावल के आटे से हमारा सौंदर्य निखरता है और हमारे चेहरे से कील मुंहासे साफ हो जाते हैं। इससे हमें और भी फायदे मिलते हैं जिनके बारे में आज हम आपको बताएगें

**कील मुंहासे**

एक कटोरी में दो चम्मच चावल का आटा, एक चम्मच शहद, एक चम्मच एलोवेरा जेल मिलकर एक पेस्ट तैयार कर लें। फिर इसे अपने चेहरे पर पन्द्रह से बीस मिनट तक लगा रहने दें। बाद में साफ पानी से अपना चेहरा साफ कर लें। कुछ दिनों में आपकी कील मुंहासों की प्रोब्लम दूर हो जाएगी।

**टैनिंग की शिकायत दूर करें**

चावल के आटा टैनिंग को दूर करने में मदद करता है। इसके लिए एक चम्मच चावल का आटा, नींबू का रस और खीरे का रस मिलाकर एक पेस्ट तैयार करें। फिर उसे अपने चेहरे पर अच्छे से लगा लें। सुख जाने पर अपना चेहरा थोड़े गुनगुने पानी के साथ धो लें।

**डार्क सर्कल्स को दूर करे**

यदि आप डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो एक कटोरी में थोड़ा सा चावल का आटा लें। इसमें पका हुआ एक केला और कैस्टर ऑयल की कुछ



बूंदे मिलाकर डार्क सर्कल्स वाली जगह परे लगाएं। कुछ दिनों तक आपका चेहरा साफ हो जाएगा।

**रुखी त्वचा से राहत**

यदि आप अपनी रुखी त्वचा से परेशान हैं और इससे छुटकारा पाना चाहते हैं तो ऐसे में चावल के आटे में स्ट्राबेरीज मिलाकर अपने चेहरे पर लगा लें। फिर कुछ समय के बाद अपना चेहरा ठंडे पानी के साथ धो लें।

**आँखों के नीचे काले घेरे दूर करे**

पढ़ने से कंप्यूटर के आगे अधिक समय काम करने से या कमजोरी के कारण हमारी आँखों के नीचे काले घेरों के निशान हो जाते हैं और इससे चेहरा बेकार सा लगता है। इसको दूर करने के लिए दो चम्मच चावल का आटे में पका हुआ केला या एक चम्मच मलाई को अच्छे से मिक्स कर लें। इस मिश्रण में बादाम का एक चम्मच भी मिला सकते हैं। इसे नियमित रूप से अपनी आँखों के नीचे काले घेरे पर लगाने से काले घेरे दूर हो जायेगें।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# सेमीफाइनल बारिश की वजह से रद्द, भारत पहली बार फाइनल में

सिडनी। भारत और इंग्लैंड के बीच आईसीसी टी20 महिला वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच आज बारिश की वजह से रद्द हो गया। इसके साथ ही भारतीय टीम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। दरअसल, वह ग्रुप-ए में टॉप पर थी, जिसके उसे फायदा मिला और वह पहली बार फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। उसका मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से 8 मार्च को मेलबर्न में होगा।

उल्लखनीय है कि सिडनी में लगातार बारिश हो रही थी। इस वजह से मैच का टॉस नहीं हो सका। आईसीसी के नियमानुसार, मैच के टॉस का कट ऑफ टाइम 11:06 रखा गया था, लेकिन उससे पहले ही मैच ऑफिशल्स ने मैच को रद्द घोषित कर दिया।





गौरतलब है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ केविन रॉबर्ट्स ने बताया कि इस क्रिकेट असोसिएशन ने आईसीसी से गुहार लगाई थी कि सेमीफाइनल के लिए रिजर्व डे रखा जाए लेकिन आईसीसी ने टूर्नामेंट की प्लेइंग कंडीशंस में किसी तरह के बदलाव से इनकार कर दिया। ऐसे में कोई रिजर्व डे नहीं रखा गया है।

नियमों के मुताबिक, अगर सेमीफाइनल मैच बारिश की वजह से रद्द होता है या फिर मुकाबले की दोनों टीम कम से कम 10-10 ओवर नहीं खेल पाती हैं तो अपने-अपने ग्रुप की टॉप टीम को फाइनल का टिकट मिल जाएगा। इसी अनुसार भारत ने फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ किया। दरअसल, टीम इंडिया 8 अंकों के साथ ग्रुप ए में टॉप पर है जबकि साउथ अफ्रीका 7 अंकों के साथ ग्रुप बी में पहले स्थान पर थी।

भारतीय टीम का सेमीफाइनल तक का सफर शानदार रहा और उसने ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को मात दी। वह इस टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है जिसने ग्रुप स्तर पर अपना कोई मैच नहीं गंवाया।

## कप्तान हरमनप्रीत कौर बोलीं- बड़ा दुर्भाग्य है कि मैच नहीं हुआ



नई दिल्ली। महिला टी20 विश्वकप का पहला सेमीफाइनल बारिश में धुल गया। ये मैच भारत और इंग्लैंड की टीम के बीच होना था, लेकिन बारिश ने खेल खराब कर दिया और मैच बिना टॉस हुए रद करना पड़ा। इसी के साथ बिना सेमीफाइनल मैच में उतरे भारतीय टीम आइसीसी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2020 के फाइनल में पहुंच गई है। हालांकि भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहती थीं कि ये मैच हो, लेकिन दुर्भाग्य से मौसम के कारण ये मैच नहीं हो सका।

# चेल्सी की टीम ने दिखाया दमदार खेल, लिवरपूल को टीम को किया एफए कप से बाहर



लंदन। चेल्सी की टीम ने एफए कप में लिवरपूल को 2-0 से शिकस्त देकर उसे टूर्नामेंट से बाहर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले मैनेजर जुर्जेन क्लोप की टीम लिवरपूल का ईपीएल में 44 मैचों से चले आ रहे अजेय अभियान पर भी विराम लग गया था जब वाटफोर्ड ने उसे 3-0 से शिकस्त दी थी। लिवरपूल की टीम की यह चार मैचों में तीसरी हार है।

स्टेमफोर्ड ब्रिज में खेले गए इस मैच में लिवरपूल के गोलकीपर एड्रियान की गलतियां बड़ी वजहें रहीं, लेकिन फिर भी चेल्सी के दमदार खेल के कारण उसे जीत मिली। जैसा की उम्मीद थी कि क्लोप ने अपनी अंतिम-11 में ज्यादा स्थानापन्न खिलाड़ियों को चुना। वहीं, चेल्सी के मैनेजर फ्रैंक लैंपार्ड ने भी रिजर्व खिलाड़ियों को तरजीह दी थी। एनकोलो कांते, क्रिस्टियन पुलिसिक और टैमी अब्राहम चोटों के कारण पहले ही बाहर हो चुके हैं।

21 जनवरी के बाद चेल्सी के लिए गोलकीपिंग कर रहे केपा ने कुछ अच्छे बचाव किए और सादियो माने के प्रयास को नकार दिया। इसके बाद उन्होंने एक बेहतरी ट्रिपल सेव किया जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया। दूसरी तरफ एड्रियान ने विलियन को काफी करीब से गोल करने से रोक दिया, लेकिन वह 13वें मिनट में विलियन को रोक नहीं पाए, जिन्होंने मिडफील्डर फाबिंहो की गलती से लिवरपूल को एक गोल से आगे कर दिया।

इस बीच, केपा ने एक बार फिर माने को गोल करने से रोक लिवरपूव को बराबरी का मौका नहीं दिया। पहले हाफ का अंत चेल्सी ने 1-0 की बढ़त के साथ किया। दूसरे हाफ में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरों में गिने जाने वाले लिवरपूल के वर्जिल वान डिज्क ने एक गलती की और गेंद चेल्सी के रॉस बाकेर्ले को पहुंचा दी।

इस मौके को बाकेर्ले ने नहीं गंवाया और एड्रियान को 64वें मिनट में छकाते हुए चेल्सी को दो गोल से आगे कर दिया। इसके बाद काफी प्रयासों के बावजूद लिवरपूल की टीम गोल नहीं कर पाई।

# टी20: 500 मैच और 10 हजार रन, पोलार्ड ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। वेस्ट इंडीज की टीम भले ही वनडे और टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हो, लेकिन बात जब ळ-20 क्रिकेट की हो तो वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी एक के बाद एक रेकॉर्ड बना रहे हैं। कप्तान कायरन पोलार्ड ने 4 मार्च को श्रीलंका के खिलाफ खेले पहले टी-20 मैच में दो-दो रेकॉर्ड अपने नाम किया। वे 500 टी-20 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए हैं, इसके अलावा उन्होंने अपने 10 हजार रन भी पूरे किए।



विस्फोटक ओपनर क्रिस गेल दुनिया के पहले बैट्समैन हैं, जिन्होंने टी-20 में 10 हजार रन पूरे किए थे। गेल के बाद इस क्लब में पोलार्ड शामिल हुए हैं। पोलार्ड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी-20 में 15 गेंदों में 3 चौकों और 2 छक्कों के साथ 34 रनों की पारी खेली। 34 रन पूरा होते ही उनके 10 हजार रन पूरे हो गए।

इस मैच में वेस्ट इंडीज टीम की शानदार जीत हुई। मैच के बाद टीम के साथ उन्होंने केक काटकर दो-दो रेकॉर्ड का जश्न मनाया। इस मैच में पोलार्ड साथी खिलाड़ियों की तरफ से मिले स्पेशल जर्सी पहन कर मैदान में उतरे थे। इस जर्सी पर उनके नाम के साथ 500 लिखा हुआ था।

टी20 फॉर्मेट में ऑलराउंडर पोलार्ड की अलग ही तूती बोलती है। इस फॉर्मेट में उनके नाम 250 विकेट भी हैं। टी20 फॉर्मेट से इस खिलाड़ी का अलग ही नाता है और यही कारण है कि वह अब 17 अलग-अलग टीमों के लिए मैच खेल चुके हैं।

अगर सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की बात जाए तो इस लिस्ट में टॉप तीन खिलाड़ी वेस्ट इंडीज से ही हैं।

विंडीज के ड्वेन ब्रावो दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 453 मैच खेले हैं और इसके बाद क्रिस गेल का नाम है, जिन्होंने अब तक कुल 404 टी20 मैच खेले हैं।



# मुक्केबाजी ओलिंपिक क्वॉलिफायर: साक्षी क्वॉर्टर फाइनल में, कोरिया की मुक्केबाज से भिड़ेंगी

अम्मान (जॉर्डन)। साक्षी चौधरी ने यहां बुधवार को खेले जा रहे एशिया/ओसनिया ओलिंपिक क्वॉलिफायर के महिला वर्ग में भारत को विजयी शुरूआत दिलाई। साक्षी ने 57 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले में थाइलैंड की निलावाने टेखेशुफ को 4-1 से हरा क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। साक्षी का मुकाबला अगले दौर में साउथ कोरिया की इइ इम से होगा, जिन्होंने नेपाल की मिनू गुरंग को हरा क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई।

मैच के बाद साक्षी ने कहा, 'मैं थाइलैंड की जिस मुक्केबाज के सामने थी, उसको चौथी सीड मिली हुई थी। हमारी रणनीति थी कि मैं उसके खिलाफ काउंटर खेलूं। इससे मुझे फायदा हुआ क्योंकि मैं काउंटर पर ही खेली और वो इस पर अच्छा नहीं खेल पाई। अगला मुकाबला कोरिया की मुक्केबाज के साथ है हम अभी उसका मुकाबल देखेंगे और रणनीति बनाएंगे।'

साक्षी और निलावाने ने पहले राउंड में बराबरी की शुरूआत की। साक्षी ने अपने बाएं जैब और बेहतरीन फुटवर्क से थाइलैंड की मुक्केबाज को दूर ही रखा। वह भी हालांकि अपने दाएं और बाएं जैब के संयोजन से साक्षी पर अच्छे प्रहार कर रही थीं। पहले राउंड में तो साक्षी हावी रहीं, लेकिन दूसरे हाफ में थाइलैंड की मुक्केबाज ने एकतरफा वापसी की।

दूसरे हाफ में थाइलैंड की मुक्केबाज आक्रामक शुरूआत की और पास जाकर साक्षी को सीधे पंचों के साथ दाएं और बाएं जैब का इस्तेमाल करते हुए साक्षी को परेशान कर दिया। निलावाने ने लगातार यही किया और साक्षी इस राउंड में उनके पंचों का जवाब नहीं दे पाईं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


# भाग्यश्री का खुलासा

**बॉलीवुड** एक्टर सलमान खान ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन सलमान खान की फिल्म मैंने प्यार किया आजतक याद की जाती है। फिल्म में सलमान के साथ भाग्यश्री नजर आई थीं। भाग्यश्री ने इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया था और रातो-रात स्टार बन गई थीं। फिल्म के सुपरहिट होने के बाद 1990 में भाग्यश्री ने बिजनेसमैन हिमालय दासानी से शादी कर ली थी। शादी के 30 साल बाद भाग्यश्री ने बताया कि उनके और हिमालय के बीच ऐसा समय आया था जब दोनों अलग हो गए थे। भाग्यश्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भाग्यश्री कहती हैं, हां, हिमालय जी मेरा पहला प्यार थे और मैंने उनसे शादी की है, लेकिन एक अरसा ऐसा था बीच में जब हम जुदा हो गए थे। भाग्यश्री ने आगे कहा, इस बीच मुझे लगा कि अगर वह मेरे जीवन में नहीं होते तो क्या होता और मेरी शादी किसी और से हो जाती? मुझे बीच में ऐसा लगा जब हम दोनों डेढ़ साल के लिए साथ नहीं थे। वो एहसास अभी भी याद आता है तो डर लगता है। भाग्यश्री और हिमालय दासानी की मुलाकात स्कूल में हुई थी। भाग्यश्री ने अपने परिवार के खिलाफ जाकर ये शादी की थी। दोनों की शादी मंदिर में सलमान खान, सूरज बड़जात्या और हिमालय के माता-पिता की मौजूदगी में हुई थी। दोनों का अब एक बेटा और एक बेटी है। भाग्यश्री-हिमालय के बेटे का नाम अभिमन्यु दासानी है। अभिमन्यु ने फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता है से 2018 में बॉलीवुड डेब्यू किया था। अभिमन्यु की अगली फिल्म निकम्मा है। इस फिल्म में उनके साथ शिल्पा शेट्टी नजर आएंगी। फिल्म मैंने प्यार किया को लेकर कई रिपोर्ट्स सामने आई थी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फिल्म के लिए भाग्यश्री को सलमान खान से ज्यादा फीस मिली थी। खबर के मुताबिक, सलमान खान को इस फिल्म में काम करने के लिए 30 हजार रुपए फीस मिली थी, जबकि भाग्यश्री को 1 लाख रुपए फीस दी गई थी।



# शादी करने जा रहे हैं रणदीप हुड्डा?





**सुष्मिता** सेन से अलग होने के बाद रणदीप हुड्डा ने अपना प्यार ढूंढ लिया और पिछले काफी समय से वह मॉडल लिन लैशराम के साथ जुड़े हैं। हालांकि, अभी तक दोनों ने अपने रिलेशनशिप, पब्लिक अपीयरेंस और अपने प्यार-मोहब्बत के बारे में खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो 'राधेः द मोस्ट वॉन्टेड भाई' ऐक्टर अपने इस रिलेशनशिप को अगले लेवल तक ले जाने का तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि रणदीप लिन को अपने माता-पिता से मिलवाने के लिए हरियाणा ले जाने वाले हैं ताकि उनकी शादी की बात आगे बढ़ सके। अपने पैरेंट्स से मिलवाने से पहले रणदीप लिन को अपनी बहन अंजलि हुड्डा से भी मिलवा चुके हैं। बता दें कि दोनों साल 2016 से एक-दूसरे के साथ हैं और वक्त के साथ उनका यह रिश्ता काफी मजबूत हुआ है। लिन के बारे में यदि आपने अब तक नहीं सुना है तो बता दें कि वह मणिपुर की मॉडल हैं और नैशनल लेवल की तीरंदाज खिलाड़ी रह चुकी हैं। इसके अलावा वह प्रियंका चोपड़ा स्टारर 'मैरी कोम', सैफ अली खान और शाहिद व कंगना की फिल्म 'रंगून' में भी नजर आ चुकी हैं।





## जब सलमान ने श्रद्धा को ऑफर की थी फिल्म, मगर एक्ट्रेस ने किया था इंकार

**बॉलीवुड** की हिट एक्ट्रेसेज में से एक श्रद्धा कपूर आज अपना 32वां जन्मदिन मना रही हैं। श्रद्धा ने बॉलीवुड में साल 2011 में आई फिल्म प्यार का द एंड से डेब्यू किया था। आज श्रद्धा अपने करियर के नए मुकाम पर खड़ी हैं। यूं तो इस खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस की जिंदगी हमेशा कैमरा के सामने रहती है लेकिन हम आपको बता रहे हैं श्रद्धा से जुड़ी कुछ अनजानी बातें: श्रद्धा एक्टिंग के साथ-साथ पढ़ाई में भी काफी अच्छी हैं। उन्होंने 12वीं की परीक्षा में 95% स्कोर किया था। यहां तक कि उनके माता-पिता चाहते थे कि वे अकैडेमिक फील्ड में कुछ करें। हालांकि श्रद्धा ने अपने एक्टिंग के प्यार को तवज्जो दी। श्रद्धा को चाय से प्यार है। वो जब भी परेशान होती हैं चाय पीती हैं। श्रद्धा का मानना है कि दो कप चाय सबकुछ ठीक कर देती है। इतना ही नहीं श्रद्धा को जापानीज खाना और चॉकलेट्स से भी बहुत प्यार है। स्कूल के दिनों में श्रद्धा सिर्फ पढ़ाई में ही अच्छी नहीं थीं बल्कि उन्होंने फुटबॉल और हैंडबॉल भी खेला हुआ है। श्रद्धा दोनों ही खेलों में बढ़िया थीं। श्रद्धा को बचपन से ही बिजली के कड़कने से डर लगता है। उन्हें एक तरह का फोबिया है, जिसके चलते वे बिजली के कड़कने से डरती हैं।